आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

वर्ष- 15 अंक 186- जबलपुर शुक्रवार, 6 अगस्त, 2021 मूल्य- 2 रुपए पृष्ठ-8 श्रावण कृष्ण पक्ष -14 विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## इतिहास रचने की दहलीज पर भारतीय गोल्फर अदिति

**टोक्यो।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रच सकती हैं। वह गोल्फ में भारत के पहले पदक की दावेदार बनी हुई हैं। अदिति तीन राउंड के बाद 12 अंडर 201 के स्कोर के साथ अकेली दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिका की नैली कोरडा उनसे तीन स्ट्रोक्स आगे है। उन्होंने इस दौर में दो अंडर 69 स्कोर किया।

## बजरंग से उम्मीद





# पदक चूककर भी बेटियों ने जीता दिल

**टोक्यो।** भारतीय महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल मुकाबले ब्रिटेन के सामने हार का सामना करना पड़ा है। ब्रिटेन ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 4-3 से हराकर भले ही कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया हो, लेकि भारत की बेटियां ने आखिरी तक शेरनी की तरह मुकाबला किया और ब्रिटेन की टीम को जीत के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। भारत की बेटियां भले ही कांस्य पदक से चूक गई , लेकिन शानदार खेल दिखाकर सभी का दिल जीत लिया। भारत और ब्रिटेन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय महिला हॉकी टीम यदि आज पदक जीत लेती है तो यह ऐतिहासिक अवसर होता। टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए आज यानी शुक्रवार का दिन निराशाजनक रहा। महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उसका ओलंपिक में पदक जीतने का सपना अधूरा रह गया। वहीं, महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा में सीमा बिस्ला हार गईं। जबकि पहलवान बजरंग पूनिया ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह पदक के दावेदार हैं। उधर, भारत के गुरप्रीत सिंह ओलंपिक में पुरुषों की 50 किलोमीटर पैदल चाल पूरी नहीं कर सके भारत की झोली में अब तक पांच पदक आ चुके हैं।

## बजरंग पूनिया सेमीफाइनल में

बजरंग पूनिया ने 65 किग्रा भार वर्ग में ईरान के घियासी चेका मुर्तजा को 2-1 से पटखनी देकर कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बजरंग को फाइनल में जगह बनाने के लिए अजरबैजान के अलीयेव हाजी से भिड़ना होगा। अलीयेव तीन बार के विश्व चैंपियन और रियो खेलों के कांस्य विजेता हैं। बजरंग ने इससे पहले किर्गीस्तान के अर्नाजार अकमातालिएव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी। अगर मैच की बात करें तो पहले दौर में ईरान के पहलवान ने एक अंक हासिल करते हुए बजरंग पर 1-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, बजरंग ने दूसरे दौर में शानदार वापसी करते हुए दो अंक हासिल कर 2-1 की बढ़त बना ली और मैच जीत लिया।

## फटाफट खबरें



### घाटी में मुठभेड़, दो आतंकियों का हुआ खात्मा, ऑपरेशन निरंतर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में थानामंडी क्षेत्र में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अभी तक दो आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। मुठभेड़ में मारे गए और अन्य घिरे हुए आतंकी दक्षिण कश्मीर से राजोरी पहुंचे थे। इस आतंकी समूह में दो विदेशी आतंकियों के होने की भी आशंका है। पिछले दो सप्ताह से खुफिया एजेंसियां इस आतंकी समूह पर इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए नजर रख रही थीं। आतंकियों के राजोरी पहुंचने का इनपुट मिलते ही सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान घेरा सख्त होता देख आतंकी फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई।

### रीवा और सागर संभाग में भारी बारिश की संभावना

**भोपाल।** उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश पर पिछले चार दिनों से सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में उत्तरी मप्र के मध्य में सक्रिय है। मानसून ट्रफ भी कम दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है, यह आगे बढ़ने लगा है। इस वजह से पूरे मध्य प्रदेश में कई जिलों में बौछारें पड़ रही हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को सागर, रीवा संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, उज्जैन, जबलपुर संभाग के जिलों में भी रुक-रुक कर तेज बौछारें पड़ेंगी। बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान में गिरावट बरकरार रहेगी।

### `जॉनसन एंड जॉनसन लाया सिंगल डोज वैक्सीन

**नई दिल्ली।** कोरोना के खिलाफ जंग में जल्द ही भारत को एक और वैक्सीन मिल सकती है। दरअसल, अमेरिकी फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन ने अपनी वैक्सीन के आपात इस्तेमाल के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। खास बात यह है कि यह वैक्सीन सिंगल डोज वैक्सीन है। यानी इसकी एक ही डोज कोरोना के खिलाफ काफी है। भारत में अबतक जितनी भी वैक्सीन कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए इस्तेमाल हो रही हैं, वे सभी डबल डोज वैक्सीन हैं।

## जज की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा


# आईबी और सीबीआई न्यायपालिका की बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धनबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की हत्या की जांच कर रही सीबीआई से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर कहा कि न्यायाधीशों को धमकाने और उनके साथ अभद्रता की कई घटनाएं सामने आई हैं, लिहाजा कोर्ट ने सभी राज्यों से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के काम करने के तौर तरीकों पर भी सवाल खड़े किए हैं। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि आईबी और सीबीआई न्यायपालिका की बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहे हैं, जब जज शिकायत करते हैं तो जवाब तक देना उचित नहीं समझते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ समय से हाई-प्रोफाइल लोगों के पक्ष में अनुकूल आदेश पारित नहीं होने पर न्यायपालिका को बदनाम करने का एक नया चलन शुरू हो गया।

# एक मासूम सहित दो महिलाएं जिंदा जलीं

## जबलपुर के बिलहरी में हादसा, मां-बेटे को बचाया गया



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के गोराबाजार बिलहरी स्थित पिंक सिटी में आग लगने के चलते 7 साल के मासूम और दो महिलाओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई। वहीं 70 साल की महिला और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में तैनात उनके बेटे को कॉलोनी के गार्ड और आसपास के लोगों ने बचा लिया।

गोराबाजार पुलिस के मुताबिक गुरुवार 5 अगस्त की देर रात 2.30 बजे के लगभग की ये घटना है। पिंक सिटी गेट नंबर तीन के अंदर बीच कॉलोनी में मकान नंबर 78 में ये दुखद हादसा हुआ। मकान हउछ में तैनात प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर आदित्य सोनी का है। गुरुवार रात को वह घर पर थे। भूतल सहित प्रथम मंजिल का ये मकान बना है। भूतल में उनकी 70 साल की मां कैंसर पी?िता अनुराधा सोनी किचन के सामने लगे बेडरूम में सो रही थी। वहीं आदित्य, उनकी पत्नी नेहा सोनी (32), भोपाल निवासी बहन रितु सोनी (37) भांजी परी उर्फ अन्विष्टा सोनी ( 7) पहली मंजिल पर सो रहे थे।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बुझाई आग

रात 2.39 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी। ड्राइवर अजय कुमार शर्मा दल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। आग बुझने के बाद लोग अंदर पहुंचे तो तीनों की लाश मिली। सूचना पर गोराबाजार टीआई सहित केंट सीएसपी भावना मरावी, एएसपी गोपाल खांडेल, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, विधायक केंट अशोक रोहाणी, नगर निगम कमिश्नर संदीप जीआर, नायब तहसीलदार नीरज कथरिया, एफएसएल डॉ. सुनीता तिवारी और फायर ब्रिगेड प्रभारी कुशाग्र ठाकुर पहुंचे थे।

### बचा लो... बचा लो... की आवाज आई

कॉलोनी के गार्ड ने देर रात ढाई बजे आदित्य सोनी के मकान में आग देख शोर मचाया। कॉलोनीवासियों के साथ वह पहुंचा तो 70 साल की अरोराबाला सोनी चीख रही थी। सामने आग लगी थी, जो फैलकर पहली मंजिल तक पहुंच गई थी। वहीं बालकनी से आदित्य सोनी चीख रहे थे। लोगों ने मां-बेटे को किसी तरह निकाला, लेकिन नेहा, रितु और परी कमरे में ही फंस गईं। नेहा बचने के लिए बाथरूम में छुप गई थी, लेकिन धुआं और आग की गरमी ने जान ले ली। नेहा की लाश बाथरूम में मिली। वहीं रितु और परी की लाश बेड पर पड़ी थी।

**(देखें अंतिम पेज भी)**

## न न्यूड पोज दी और न ही किसी डायरेक्टर के साथ सोई

### एक्ट्रेस नरगिस फाकरी का सनसनी खेज बयान




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दुनिया में जब कोई अभिनेता या अभिनेत्री की किस्मत जगमगाती है, तो उन्हें कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स मिलते हैं, जिसे लेकर नरगिस फाखरी ने एक बहुत बड़ा खुलासा किया है, जिससे पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री हिल गई है। बतादें कि एक्ट्रेस नरगिस फाकरी फिल्म 'रॉकस्टार' में रणबीर कपूर के साथ नजर आ चुकी हैं। अपनी दिलकश अदाकारी से इन्होंने लाखों दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी है। लेकिन इस फिल्म के बाद से ही नरगिस को बहुत ही कम फिल्मों मे देखा गया है। बॉलीवुड से इसी दूरियों को लेकर नरगिस ने अपने एक इंटरव्यू में ऐसा खुलासा किया है, जिसे सुनकर सब चौंक जाएंगे। कास्टिंग काउच से लेकर अपनी सर्जरी की सलाह पर खुलकर बात कर चुकी नरगिस फाखरी ने अपने करियर पर विशेष टिप्पणी की हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर की मुश्किलों के बारे में बताते हुए पूर्व एडल्ट फिल्म स्टार ब्रिटनी डी ला मोरा से बातचीत के दौरान कहा कि ''मैं किसी चीज की भूखी हूँ? मुझे शोहरत की भूख नहीं है कि मैं न्यूड पोज दे दूं, या फिर डायरेक्टर के साथ सो जाऊं। मैंनें कई मौके खो दिए क्योंकि कुछ चीजें मैंने नहीं कीं। यह दिल तोड़ने वाला है। मैं वहां टिके रहने की कोशिश कर रही हूँ, जहां मेरे हाई स्टैंडर्ड हैं। बुरा लगता है क्योंकि इस वजह से मेरे हाथ से कई प्रोजेक्ट्स निकल गए। इससे मुझे दुख हुआ लेकिन मैं खुद से कहती रही कि जो लोग अपने मूल्यों पर टिकेंगे वह जीतेंगे। खुद के प्रति ईमानदार रही और किसी को मुझे किसी चीज के लिए मनाने की जरूरत नही है। मेरे लिए नैतिक मूल्यों से ज्यादा कुछ नहीं।'

## किसानों के समर्थन में प्रदर्शन, दर्शक दीर्घा में बैठे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में आज करीब 14 विपक्षी दलों के नेता जंतर मंतर पहुंचे। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। जंतर मंतर पर विपक्षी सांसद किसानों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं।

## 9.5 फीसदी रह सकती है विकास दर, आरबीआई का अनुमान

# ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** चार अगस्त को शुरू हुई भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज समाप्त हो गई। कोरोना की दूसरी लहर के चलते अप्रैल और मई के दौरान देश के कई हिस्सों में लगाई गई सख्त पाबंदियों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। ऐसे में तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच यह बैठक बेहद अहम है। हर दो महीने में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है। इस बैठक में अर्थव्यवस्था में सुधार पर चर्चा की जाती है और साथ ही ब्याज दरों का फैसला लिया जाता है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 22 मई 2020 को नीतिगत दरों में संशोधन किया था। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह चार फीसदी पर बरकरार है। यानी ग्राहकों को ईएमआई या लोन की ब्याज दरों पर नई राहत नहीं मिली है। मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट भी 4.25 फीसदी पर स्थिर है।दास ने आगे कहा कि रिवर्स रेपो रेट को भी 3.35 फीसदी पर स्थिर रखा गया है।इसके साथ ही बैंक रेट में भी कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है। यह 4.25 फीसदी पर है। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक रुख को उदार बनाए रखा है। उदार रुख पर छह में से पांच सदस्य सहमत थे। 2021-22 में देश की वास्तविक जीडीपी में 9.5 फीसदी की तेजी का अनुमान लगाया है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 21.4 फीसदी होगी, दूसरी तिमाही में 7.3 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.1 फीसदी। शक्तिकांत दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में देश की वास्तविक जीडीपी 17.2 फीसदी रह सकती है।

## राजीव गांधी नहीं अब ध्यानचंद के नाम पर होगा खेलरत्न




**नई दिल्ली, (ऐजेंसी)।** केंद्र सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल दिया है। अब इसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले यह अवॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम हुआ करता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुझे पूरे भारत के नागरिकों से खेल रत्न पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद के नाम पर रखने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कहा जाएगा।

## लड़कियों के फोन पर रखें नजर !

**नई दिल्ली।** मुस्लिम युवाओं और युवतियों की गैर मुस्लिमों से निकाह को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शरीयत में अवैध करार दिया है। बोर्ड के कार्यवाहक महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि एक मुस्लिम लड़की केवल मुस्लिम लड़के से ही निकाह कर सकती है। इसी तरह, एक मुस्लिम लड़का एक मुशरिक (बहुदेववादी) निकाह से शादी नहीं कर सकता। अगर गैर मुस्लिम से निकाह हुआ है तो शरीयत के अनुसार वह वैध नहीं होगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि माता-पिता अपने बच्चों की दीनी (धार्मिक) शिक्षा की व्यवस्था करें। लड़के और लड़कियों के मोबाइल फोन इत्यादि पर कड़ी नजर रखें। जितना हो सके लड़कियों को बालिका स्कूल में पढ़ाने का प्रयास करें। सुनिश्चित करें कि उनका समय स्कूल के बाहर और कहीं भी व्यतीत न हो।

## पेगासस मुद्दे पर आज भी विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज 13वां दिन है, लेकिन अभी तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमति नहीं बन पा रही है। विपक्ष चर्चा की शुरुआत पेगासस जासूसी के मुद्दे पर करना चाहता है, जबकि सरकार इससे मसले पर बातचीत करने को तैयार नहीं है। आज विपक्षी दलों के नेता किसानों को समर्थन देने जंतर मंतर जाएंगे। राहुल गांधी भी इसमें शामिल होंगे। संसद में पेगासस मुद्दे पर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए लोकसभा की कार्यवाही 9 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। पेगासस जासूसी कांड को लेकर लोकसभा में विपक्षी दलों के सांसदों का हंगामा जारी है। विपक्षी दलों के सांसद बेल में पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

## पाक प्रधानमंत्री इमरान खान बोले सरकार मंदिर की मरम्मत कराएगी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सादिकाबाद जिले में मंदिर में की गई तोड़फोड़ पर प्रधानमंत्री इमरान खान का बयान आया है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि उनकी सरकार मंदिर की मरम्मत कराएगी। दरअसल, भोंग शरीफ गांव के सिद्धिविनायक मंदिर में बुधवार शाम को उपद्रवियों की भीड़ घुस गई थी। इस दौरान मंदिर के अंदर जमकर तोड़ फोड़ की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल इंडिया: 82 करोड़ लोग कर रहे इंटरनेट का इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** सिस्को के विजुअल नेटवर्किंग सूचकांक (वीएनआई) ने साल 2017 में अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत में 2021 तक एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्याा 82 करोड़ तक पहुंच सकती है। सिस्सो की चार से पहले आई यह रिपोर्ट सच हो गई है। सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि देश में इस वक्त कम-से-कम 820 मिलियन यानी करीब 82 करोड़ लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। दरअसल तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने राज्यसभा में पूछा था कि क्या सरकार ने इंटरनेट के नवीनतम स्तर या किसी ऐसे प्रॉक्सी का अनुमान लगाया है। सरकार की ओर से यह भी बताया कि देश के 1,57,383 ग्राम पंचायत में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा दी गई है। डेरेक ने यह भी पूछा कि क्या वर्तमान में ग्रामीण और शहरी भारत के बीच एक डिजिटल विभाजन मौजूद है और यदि ऐसा है तो इस अंतर को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इस सवाल के जवाब में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार, 31 मार्च 2021 तक देश में 82.53 करोड़ (825.301 मिलियन) इंटरनेट ग्राहक हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण भारत में 302 मिलियन से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि शहरी भारत में यह संख्या 502 मिलियन से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार ने देश के सभी ग्राम पंचायतों और गांवों में भारतनेट परियोजना को लागू किया है। 1 जुलाई तक कुल 1,57,383 ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट/ब्रॉडबैंड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जोड़ा गया है। राजीव के मुताबिक देश में अभी तक 5,25,706 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया हैं।

### देश में 2025 तक 90 करोड़ होंगे सक्रिय इंटरनेट यूजर

आईएएमएआई-कंटर क्यूब ने इसी साल जून में अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में 2025 तक सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 45 फीसदी बढ़कर 90 करोड़ हो जाएगी। पिछले साल देश में यह आंकड़ा 62.2 करोड़ था। रिपोर्ट में कहा गया था कि भले ही शहरी भारत में इंटरनेट की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है लेकिन ग्रामीण इलाकों में साल दर साल के हिसाब से बढ़ने वाले इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या शहरी इलाकों से ज्यादा है।







# आज सावन शिवरात्रि में सर्वार्थ सिद्धि योग

## फलों के रस से -रुद्राभिषेक करने से मिलता है अखंड धन लाभ व हर तरह कर्ज से मुक्ति -आचार्यश्रीकांत भार्गव

**जबलपुर, यशभारत।** सावन महीना चल रहा है और सावन में भगवान शिव की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस दौरान भगवान शिव ही सृष्टि का संचालन करते हैं और अन्य सभी देवी-देवता पाताललोक में निंद्रा की अवस्था में चले जाते हैं। सावन महीने की शिवरात्रि भगवान शिव की पूजा के लिए उपयुक्त मानी जाती है। इस साल सावन की शिवरात्रि आज के ही दिन है। हर माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है, लेकिन सावन माह में पड़ने वाली मासिक शिवरात्रि का महत्व बहुत ही अधिक होता है। आचार्य श्रीकांत भार्गव ने बताया सावन शिवरात्रि आज शाम 6 बजकर 28 मिनट पर शुरू होगी और 7 अगस्त दिन शनिवार की शाम 7 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। शिव भक्त 7 अगस्त को सुबह 5 बजकर 46 मिनट से दोपहर 3 बजकर 45 मिनट तक अपना व्रत खोल सकेंगे। इस शिवरात्रि में सर्वार्थ सिद्ध योग भी है। इसके साथ ही इस दिन आर्द्रा नक्षत्र भी रहेगा, जिसमें शिवजी का अभिषेक बहुत ही उत्तम माना गया है। शिवलिंग पर अभिषेक करने के लिए शुभ मुहूर्त सूर्योदय के बाद 2 घंटा 45 मिनट तक रहेगा।

आज आचार्य श्रीकांत भार्गव ने बताया आज के दिन फलों के रस से -रुद्राभिषेक करने से अखंड धन लाभ व हर तरह कर्ज से मुक्ति मिलती है लिए करें फलों के रस से रुद्राभिषेक।।

### यह है पूजन विधि

माँ श्री चण्डी दरबार श्री कृपाआगारिणी वैदिक संस्थानम सिटी कोतवाली थाने के सामने के आचार्य श्रीकांत भार्गव ने बताया अखंड धन लाभ व हर तरह के कर्ज से मुक्ति के लिए भगवान शिव का फलों के रस से अभिषेक करें। भगवान शिव के 'नील कंठ' स्वरूप का मानसिक ध्यान करें, ताम्बे के पात्र में 'गन्ने का रस' भर कर पात्र को चारों और से कुमकुम का तिलक करें, कुबेराय नमः का जाप करते हुए पात्र पर मौली बाधें, पंचाक्षरी मंत्र नमः शिवाय का जाप करते हुए फूलों की कुछ पंखुडियां अर्पित करें, शिवलिंग पर फलों का रस की पतली धार बनाते हुए-रुद्राभिषेक करें, अभिषेक करते हुए - हरुं नीलकंठाय स्वाहा मंत्र का जाप करें, शिवलिंग पर स्वच्छ जल से भी अभिषेक करें।

# कृष्ण जन्माष्टमी के दिन बन रहा ये शुभ संयोग

**जबलपुर। इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार 30 अगस्त, दिन सोमवार को है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। जन्माष्टमी या श्रीकृष्ण जयंती मनाई जाती है।**



श्रीकृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन मंदिरों और घरों में भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

### जन्माष्टमी के दिन बन रहा शुभ संयोग-

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह 07 बजकर 47 मिनट के बाद हर्षण योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में हर्षण योग को बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्यों में सफलता हासिल होती है। जन्माष्टमी के दिन कृत्तिका और रोहिणी नक्षत्र रहेगा।

### कितने बजे से लगेगी अष्टमी तिथि-

हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 29 अगस्त दिन रविवार को रात 11 बजकर 25 मिनट से शुरू होगी, जो कि 30 अगस्त को देर रात 1 बजकर 59 मिनट पर समाप्त होगी। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म आधी रात को हुआ था और व्रत उदया तिथि में रखना उत्तम माना जाता है। इसलिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार 30 अगस्त को मनाया जाएगा।

### जन्माष्टमी 2021 पूजा मुहूर्त-

इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पूजा मुहूर्त 30 अगस्त की रात 11 बजकर 59 मिनट से देर रात 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। बाल गोपाल के पूजा की कुल अवधि 45 मिनट है।

### व्रत पारण का समय

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पारण का समय 31 अगस्त को सुबह 09 बजकर 44 मिनट के बाद ही कर सकते हैं। इस समय ही रोहिणी नक्षत्र समाप्त होगा।

# डेंगू, मलेरिया के बढ़ रहे मरीज

## जगह जगह जलभराव से पनप रहे लार्वा

जबलपुर। शहर में पिछले एक पखवाड़े से जारी रिमझिम बारिश से जगह जगह जल भराव के कारण डेंगू के लार्वा पनप रहे हैं। तेज बारिश व धूप निकलने से मलेरिया व डेंगू के मच्छर का लाव्रा नष्ट हो जाता है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए सतर्कता रखना ही एक कारगार उपाय है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की वर्षा के कारण जगह जगह भरे पानी में लार्वा पनप रहा है।



इसके अलावा लगातार बारिश के कारण घरों में होने वाली दूषित पानी की आपूर्ति के कारण उदरजन्य बीमारियों डायरिया, पीलिया व वाइरल फीवर के मरीज अस्पतालों में देखे जा रहे हैं। खैराती अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में डेंगू वाइरल फीवर व पीलिया, डायरिया के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि सितंबर में वाइरल के मरीज और बढ़ सकते हैं। हालांकि अक्टूबर तक डेंगू मलेरिया के मरीज कम हो जाएंगे। डाक्टरों का कहना है कि डेंगू, मलेरिया से बचने घर में मच्छरदानी व मच्छर विकर्षा उपायों का इस्तेमाल करना होगा। सतर्कता से ही इन बीमारियों से हम बच सकते हैं। इसके अलावा मास्क का इस्तेमाल कर वाइरल फीवर से बचा जा सकता है। शहर में डेंगू से हुई मौतों को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है लेकिन नगर निगम प्रशासन द्वारा अभी भी कई वार्डों में कीटनाशक दवा छिड़काव के लिए बनाई ी टीम वार्डों की तंग गलियों से दूरी बनाए हुए हैं।

# जबलपुर शरीर की इंद्रियां भी करती हैं नेत्र का काम :आचार्य श्री

जबलपुर। पूर्णायु परिसर दयोदय तीर्थ में आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा कि सामने के दृश्य बहुत अच्छे दिख रहे, अगर आप से पूछा जाए कि क्या दिख रहा है तो आप को आंखों से जो दिख रहा है वह आप जवाब देंगे, संभव है आप उन वस्तुओं से परिचित हो, हमारे पास दो तरह के दर्शन है चक्षु दर्शन और अचक्षु दर्शन।आपको अंधकार में क्या दिख रहा है तो आप कहेंगे कि कुछ नहीं दिख रहा लेकिन दृश्य - वस्तु दो तरह से देखे जा सकते हैं चक्षु यानी नेत्र से और अचक्षु से, एक नेत्रहीन व्यक्ति भी सब कुछ देख सकता है कल्पना कीजिए कि चारों तरफ घोर अंधकार है और आपको कुछ नहीं दिखाई दे रहा लेकिन आपकी यह धारणा गलत है कि बिना नेत्र के कुछ दिखाई नहीं देता हम नेत्रहीन नहीं है हमें देखने के लिए अन्य इंद्रिया भी ईश्वर ने दी है, घोर अंधकार में यदि हमें कुछ वस्तु दे दी जाती है तो हम स्पर्श से उस वस्तु का अनुमान लगाते हैं हमारे मन में उस वस्तु की छवि उत्पन्न होने लगती है, यही उत्पन्न छवि नेत्र से भी बनती है। उसके बाद नासिका से गंध महसूस करते हैं जो एक छवि का निर्माण करता है उसके बाद यदि हमने उस वस्तु को चख लिया तो स्वाद इंद्री भी हमारे मन में उसकी छवि बना देती है यानी नेत्र ही नहीं शरीर की अन्य इंद्रियां भी नेत्र का काम करती है, जिसे हम देखना सुनना, खाना, छूना कहते हैं, यह सब एक वस्तु की पहचान के साधन है इसी तरह हमें आंखों से मोक्षमार्ग दिखाई नहीं देता लेकिन मोक्ष मार्ग को अन्य इंद्रियों से प्राप्त किया जा सकता है ,ईश्वर की कृपा सिर्फ आंखों वालों पर होती है ऐसा नहीं है जो लोग भीतरी आस्था की आंखों से धर्मानुसार कार्य करते हैं, और सदकार्य करते हैं वे भी मोक्ष मार्गी होते हैं। इसी तरह हमें मन को स्वच्छ रखने के लिए सद्कार्यों का चश्मा लगाना चाहिए सेवा कार्य, दान पुण्य करना चाहिए।आचार्य श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य ललित, आरती पाटनी अजमेर एवं आचार्य श्री जी को पड़गाहन कर आहार देने का परम सौभाग्य सुरेंद्र जैन रिंकू जैन महामंत्री (दयोदय तीर्थ) एवं प्रतीक जैन को प्राप्त हुआ।



## मुख्य मंत्री पुलिस आवास योजना





# 152 आवास गृहों का ई-लोकार्पण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसरंचना विकास निगम द्वारा ''मुख्य मंत्री पुलिस आवास योजना'' के अंतर्गत स्वीकृत 25 हजार आवास गृहों की योजना के अंतर्गत राशि 304.68 करोड़ की लागत से प्रदेश के 8 जिले क्रमशः ग्वालियर-576, जबलपुर-152, रीवा-256, सागर-180, छत्तरपुर-128, धारा-128, सीधी-68 एवं बुरहानपुर-68 कुल 1556 सर्वसुविधायुक्त कालोनी के रूप में विकसित एवं निर्मित आवास गृहों का ई-लोकार्पण आज दिनॉक 5-8-21 को माननीय गृहमंत्री मध्यप्रदेश शासन नरोत्तम मिश्र द्वारा किया गया। ई-लोकार्पण के दौरान जबलपुर स्थित पुलिस लाईन में जिला स्तरीय ई- लोकापर्ण कार्यक्रम के दौरान विधायक पाटन अजय विश्नोई, विधायक केण्ट अशोक रोहाणी, विधायक पश्चिम तरूण भानोत, विधायक बरगी संजय यादव, विधायक उत्तर-मध्य विनय सक्सेना, तथा पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन, जबलपुर भगवत सिंह चैहान (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिध्दार्थ बहुगुणा (भा.पु.से), सेनानी 6 वाहिनी जबलपुर श्री रूडोल्फ अल्वारेस (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक (रेल) जबलपुर सुनील जैन (भा.पु.से.), मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग के परियोजना यंत्री व्ही. के. तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, मनोज अचार्य, सहायक यंत्री आर.के.हल्दकार, आर.के.पाठक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के अंतर्गत पुलिस लाईन जबलपुर एवं 6वीं वाहिनी जबलपुर में नवनिर्मित 152 आवासगृह जिसमें 48 राजपत्रित अधिकारी आवास (ळैट), 24 अराजपत्रित आवास (छळट) एवं 80 प्रधान आरक्षक/आरक्षकों के आवासगृहों का ई लोकार्पण किया गया। उपरोक्त नवनिर्मित आवास आधुनिक डिजाइन एवं सर्वसुविधायुक्त बनाये गये है जिसमें लिफ्ट सुविधा, पानी के दुरूपयोग रोकने हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सभी आवासो में उत्कृष्ट वेंटीलेशन एवं ओपन टेरिस स्पेस, आदि सुविधाये उपलब्ध है। 48 राजपत्रित आवासगृहों की लागत 15.18 करोड, एवं 104 अराजपत्रित व आरक्षक/प्रधान आरक्षक की लागत 13.77 करोड रूपये है। उपरोक्त आवासगृहों के निर्माण से पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास की समस्याओं का निराकरण होगा।



## एच.पी. गैस की प्रि-डिलिवरी चेक कैम्पेन

**जबलपुर।** एच.पी. गैस द्वारा जबलपुर शहर के समस्त एच.पी. गैस वितरक के संयुक्त तत्वावधान में प्रि-डिलिवरी चेक कैम्पेन की शुभारंभ किया गया जिसमें महेश राम, डेप्युटी जनरल मैनेजर, जबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय, केतन कार्निक, सीनियर मैनेजर मार्केटिंग (हैड क्वार्टर), ऋषि कुमार सिंह, प्लांट मैनेजर, मानेरी भराई संयंत्र, प्रवीण चौरसिया, सेल्स मैनेजर, जबलपुर बिक्री क्षेत्र, एच.पी.सी.एल. एवं सुश्री टीना मुखर्जी, ऑपरेशन मैनेजर, मानेरी भराई संयंत्र की उपस्थिति मे संपन्न हुआ जिसमें सभी गैस एजेंसी की 20 गाड़ियों ने रैली के माध्यम से भावरताल गार्डेन से शहर का भ्रमण करते हुए पुन- भावरताल गार्डेन में समापन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों के प्रति बताया गया और एच.पी. गैस के लाभ और गुणवत्ता के बारे मे भी बताया गया 7 एच.पी. गैस ग्राहकों से भी आग्रह करता है कि डिलीवरी लेते वक्त सिलिंडर का प्रीडेलीवेरी चेक जरूर करवाएँ एवं सहयोग प्रदान करें।

## दीवाओं ने लिया तीसरी लहर से शहर को बचाने का संकल्प



**जबलपुर।** सावन की रिमझिम फुहारों के बीच गोयन थीम पर दीवा क्लब का खूबसूरत कार्यक्रम बिलहरी स्थिति स्पोर्टस क्लब में आयोजित हुआ। जहां क्लब की सदस्य महिलाओं ने रंग बिरंगे भारतीय परिधानों में शिरकत की और भारतीय संस्कृति, सावन के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीवा क्लब की प्रेसीडेंट प्रियंका कल्चुरी अग्रवाल ने की। वहीं इस दौरान क्लब की डायरेक्टर्स नीतू शाह, अल्पना परिहार, मंजूश्री अग्रवाल, वर्षा गोलछा, जसवीन छाबरा, एकता सिंह ठाकुर, मानी तलवार, रितिकि जैन अग्रवाल, कोमल अदनानी, पिंकी अग्रवाल, दिव्या गुलाटी, ऋतू सयानी, गुरलीन छाबरा, पूजा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान कोविड प्रोटोकाल का विशेष रूप से पालन किया गया। क्लब की अध्यक्ष प्रियंका क्लचुरी अग्रवाल ने बताया पर्यावरण संरक्षण के महत्व को देखते हुये हमारी संस्था ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का निर्णय लिया है। वहीं कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुये, क्लब की सदस्यों ने विशेष जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। क्लब की डायरेक्टर नीतू शाह ने कहा कोरोना की तीसरी लहर से शहर को बचाने के लिये सभी के संयुक्त प्रयास जरूरी हैं। श्रीमति शाह ने निर्णय लिया की शहर को कोरोना की महामारी से बचाने के लिये क्लब लोगों को वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित करेगा, इसके लिये विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है की दीवा का नाम दोनों कोरोना काल के दौरान सुर्खियों में आया। लॉकडाउन का पहला फेज हो या दूसरा दीवा क्लब ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। गरीबों को राशन पहुंचाने से लेकर स्वास्थ्य जागरुकता तक हर क्षेत्र में क्लब की महिलाओं ने विशेष योगदान दिया। जिसका सराहना जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश शासन ने भी की। दीवा क्लब शहर को संस्कारधानी के उन चुनिंदा क्लबों में गिना जाता है।

## जेएनकेविवि के छात्र विनोद साहू को खेल मंत्रालय द्वारा एक लाख रुपए का पुरस्कार



**जबलपुर,** ।जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी केंद्र के शोधार्थी विनोद साहू को युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जा रहा है। यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र वॉलिंटियर, इंडिया व यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा आयोजित सोशल ऑब्जेक्टिव लेड वॉलिंटियर इंटरप्राइजेज में राष्ट्रीयस्तर पर देश के टॉप टेन में होने पर दिया जा रहा है। उन्हें यह पुरस्कार विश्व युवा दिवस पर 12 अगस्त को विज्ञान भवन दिल्ली मंत्रालय द्वारा प्रमाण-पत्र व एक लाख रुपए की राशि के रूप में दिया जाएगा। विनोद ने लघु चलित मृदा परीक्षण डिजिटल परामर्श लैबे को आइडिया दिया था।इस उपलब्धि पर जेएनकेविवि कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेंद्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके कौतु, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी, प्राध्यापक, विज्ञानी व विद्यार्थियों ने बधाई प्रेषित की। केंद्र निदेशक अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. शरद तिवारी, डॉ. सुषमा नेमा, डॉ. कीर्ति तंतुवाय, डॉ. आरएस शर्मा ने इस कार्य में सहयोग दिया।

## प्रयास जन सशक्तिकरण सहित 70 संस्थाएं करोना महामारी में उत्कृष्ट सेवा हेतु जिला प्रशासन से सम्मानित




# मानवता की सेवा से बड़ी कोई पूजा नहीं होती: कलेक्टर

**जबलपुर। मानव सेवा सबसे बड़ी पूजा है। अगर पीड़ति मानवता की सेवा की जाए तो इसका फल पूजा से भी बड़ा होता है।**

उक्त बात आज जिला प्रशासन द्वारा आयोजित संस्थाओं को सम्मानित करते हुए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि मैं यह नहीं कहता कि लोग पूजा ना करें बल्कि कहना चाहता हूं कि मानवता की सेवा से बड़ी कोई पूजा नहीं होती। लोगों को चाहिए कि वे मानवता की सेवा करें। आज जनसशक्तिकरण की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री रानू शर्मा अर्नव एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की प्रीति ठाकुर सहित 70 संस्थाओं को सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह में डॉक्टर जितेन्द जामदार रेडक्रास सचिव आशीष दीक्षित राकेश मून सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मिलित थे।

### रेडक्रास के सदस्य दिलीप तिवारी का सम्मान

दिलीप तिवारी को कोरोनाकाल के दौरान आप सब के सहयोग से निरंतर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा दिलीप तिवारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बताना चाहेगे दूसरी लहर के दौरान गरीबो को राशन,दवाइयां,वैक्सीनेशन कैम्प,इलाज में आ रही समस्या का समाधान व अन्य सहायता विभिन्न संस्थाओं के समन्वय के साथ की है ।



## फोटोजर्नलिस्ट नितिन पोपट का अमृत महोत्सव आज

**जबलपुर।** गुजराती मंडल भवन में सम्मान समारोह एवं भजन संध्या जबलपुर द्य फोटोजर्नलिज्म के पुरोधा पितृ पुरुष सीनियर फोटोजर्नलिस्ट नितिन पोपट का 75 वां जन्मोत्सव फोटोजर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में अमृत महोत्सव के रूप में स्थानीय गुजराती मंडल भवन सिविक सेंटर में आज शाम 6ः00 बजे से आयोजित होगा द्य फोटोजर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय राठौर महामंत्री दीपक पटेल कोषाध्यक्ष अनिल तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फोटो जर्नलिसम् के माध्यम से नगर का नाम रोशन करने वाले श्री नितिन पोपट का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा द्य यहां सुप्रसिद्ध देवी गीत गायक मनीष अग्रवाल मोनी द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति होगी ।

## ट्रेफिक पुलिस की तैयारी, गाड़ियों की रफ्तार और मौत पर लगेगा ब्रेक

# वाहनों की गति पर स्पीड लेजर गन का शिकंजा



**जबलपुर। तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। हादसों में लगातार हो रही मौत पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीटयूट ने पुलिस को अलर्ट जारी किया है। इसमें पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर स्पीड लेजर गन और ब्रेथ एनालाइजर से कार्रवाई करेगी। इन उपकरणों से कार्रवाई कोर्ट में सबूत का आधार भी बनेगी।**

मध्यप्रदेश पुलिस सड़क हादसों में मौत का आंकड़ा रोकने के लिए ये नया प्रयोग कर रही है। रोड एक्सीडेंट रोकने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। स्पीड लेजर गन के जरिए 100 मीटर तक की दूरी से वाहन की गति, प्रकार और वाहन का नंबर लेजर पता कि जा सकता है तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कोर्ट में ये साक्ष्य के तौर पर पेश किया जाएगा।

### तकनीक से रूकेंगे हादसे

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआरआईडी (सी) ने कहा सड़क दुर्घटना रोकने के लिए तेज गति से वाहन चलाने वालों की आदतों में सुधार लाना आवश्यक है। वाहनों की गति को स्पीड लेजर गन से मापा जायेगा। स्पीड लेजर गन के उपयोग की वर्चुअल ट्रेनिंग स्टाफ को दी गई है। उन्होंने कहा कि टेक्नालाजी का हम जितना ज्यादा से ज्यादा उपयोग करंगे, उतना ही हमें दुर्घटनाएं रोकने में आवश्यक मदद मिलेगी।

### साल दर साल सड़क हादसे

पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीटयूट की रिपोर्ट के अनुसार एमपी में 2018 में कुल 51397 दुर्घटनाओं में 10706 लोगों की मौत हुई थी जबकि 54662 लोग घायल हुए थे। 2019 में 50669 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जिसमें 11249 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 52816 लोग घायल हुए थे। 2020 में दुर्घटनाओं में आंशिक कमी आई और इस साल 45266 सड़क हादसे हुए और इनमें 11141 लोगों की मौत हो गई जबकि 46465 लोग घायल हो गए।



# 9 अगस्त से मंथली व क्वार्टरली सीजन टिकिट की शुरुआत

## पमरे गुजरने वाली 10 जोड़ी ट्रेन शामिल

**जबलपुर यश भारत।** कोविड वैश्विक महामारी में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने स्पेशल गाड़ियों में भी मंथली सीजन टिकट एवं क्वार्टरली सीजन टिकट की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया है। इसी तारतम्य में पश्चिम मध्य रेल ने भी कई रेल खण्ड नामित स्पेशल ट्रेनों के लिए 09.08.2021से 10 जोड़ी गाड़ियों में एमएसटी/क्यूएसटी टिकट देने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली स्पेशल गाड़ियों की जानकारी निम्न है।

1) गाड़ी संख्या 06621/06622 बीना-कटनी मु?वारा-बीना मेमू ट्रेन में जारी किये जायेंगे।

2) गाड़ी संख्या 05671/05672 इटारसी-सतना-इटारसी स्पेशल ट्रेन में जारी किये जायेंगे।

3) गाड़ी संख्या 06631/06632 भोपाल-बीना-भोपाल मेमू ट्रेन में जारी किये जायेंगे।

4) गाड़ी संख्या 01820/01819 बीना-ललितपुर-बीना स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

5) गाडी संख्या 05686/05685 बीड-खंडवा-बीड स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

6) गाड़ी संख्या 05838/05837 कोटा-झालावाड़-कोटा स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

7) गाड़ी संख्या 05840/05839 कोटा-झालावाड़-कोटा स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

8) गाड़ी संख्या 05832/05831 कोटा-वडोदरा-कोटा स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

9) गाड़ी संख्या 05833/05834 कोटा-मंदसौर-कोटा स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

10) गाड़ी संख्या 09742/09741 बयाना-जयपुर-बयाना स्पेशल ट्रेन में जारी किया जायेगा।

### आज दो गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

जबलपुर यश भारत। गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन में 06.08.2021को 01 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर से कोयम्बटूर स्पेशल ट्रेन में 06.08.2021 को 02 शयनयान श्रेणी एवं 01 सामान्य श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है।

## पुलिस को चकमा दे रहा हिस्ट्रीशीटर कबाड़ी

# पुलिस कप्तान ने रखा 10 हजार का ईनाम

**जबलपुर। थाना अधारताल अंतर्गत फ रार हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी की गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान ने10 हजार रूपये का ईनाम घोषित कर दिया है। कबाड़ी के ऊपर अनेक जिलों में गंभीर अपराधों में भी केस दर्ज है, लेकिन अभी तक उक्त हिस्ट्रीशीटर पुलिस को चकमा देने में सफल रहा है। जिसके बाद पुलिस कबाड़ी के सिर पर इनाम की घोषणा की है।**

जानकारी अनुसार क्राईम ब्राचं एवं थाना अधारताल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा खजरी खिरिया बाईपास स्थित हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी के कबाड?ाने में दबिश देते हुये 25 लाख रूपये कीमती

### अनेक जिलों पुलिस कर रही तलाश

10 इंजन बस, ट्रक एवं क्रेन के एवं टाटा 407 तथा बुलेरो, पिकअप, 3 ऑक्सीजन सिलेण्डर, 2 एलपीजी सीलेण्डर, 1 गैस कटर, भारी मात्रा में विद्युत एल्यूमीनियम वायर, केबल वायर, तथा विद्युत उपकरण जब्त करते हुये शमीम के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी हिस्ट्रीशीटर हाजी मोहम्मद शमीम निवासी आनंद नगर अधारताल का कार्रवाई होने के दौरान से ही फ रार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु हर सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है लेकिन भूमिगत हिस्ट्रीशीटर का कहीं कोई सुराग नहीं है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर हाजी मोहम्मद शमीम अहमद पिता मोह. बसीर निवासी आनंद नगर अधारताल को गिरफ्तार करने वाले या गिरफ्तारी हेतु सूचना देने वाले या गिरफ्तारी में सहयोग प्रदान करने वाले को 10,000/- (दस हजार रूपये) के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा की गयी है।

### अनेक जिलों में केस है दर्ज

उल्लेखनीय है कि हिस्ट्रीशीटर हाजी मोहम्मद शमीम अहमद के खिलाफ थाना गोहलपुर तथा थाना सिविल लाईन, जिला सागर थाना बहेरिया तथा थाना आर.पी.एफ. पोस्ट जिला जबलपुर एवं थाना आर.पी.एफ. पोस्ट जिला कटनी व आर.पी.एफ. आउट पोस्ट मदन महल जबलपुर में अनेक धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है।

# मेडम बतायें किस ए टी एम से निकालें 50 हजार

जबलपुर यशभारत। आप बैंक में किसलिए आये हैं। मेडम मुझे खाते से पचास हजार रुपये निकालने हैं इसलिए आया हूँ।नहीं आप ए टी एम से पैसा निकालिए अभी हमारे पास स्टाफ नहीं है।मेडम ये व्यवस्था करना तो मेनेजर का काम है।बहरहाल आप ही हमें बतायें ऐसा कौन सा ए टी एम है जहां से इतना पैसा निकल आयेगा।यह संवाद बैंक आये ग्राहक के बीच का है जो स्टेट बैंक की जी सी एफ शाखा का है।जहां आये दिन ग्राहकों से मेनेजर और स्टाफ कई प्रकार के व्यवहार कर तंग करता है।इस संबंध में कई पीड़ितों ने एक लिखित शिकायत क्षेत्रीय कार्यालय विजय नगर में भी की गई है।जिसमें हस्ताक्षर कर्ताओं ने एक नहीं अनेक शिकायतें उल्लेख की है।शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि उक्त शाखा में ग्राहकों की नहीं बैंक मेनेजर के एजेंटों की सुनवाई

### स्टेट बैंक जी सी एफ शाखा मैनेजर के व्यवहार से ग्राहक तंग

और काम होते हैं।शिकायत मे कहा गया कि इसकी पुष्टि बैंक के सी सी टीवी स्वयं कर सकते हैं।शिकायत कर्ताओं ने तो उन एजेंटों के नाम का भी उल्लेख शिकायत मे किया है कि इन एजेंटों को बैंक बंद होने के बाद भी बैंक में देखा जा सकता है।बताया गया कि बैंक की पास बुक मशीन और डिपाजिट मशीन महिनों से बंद है। कई दिनों से ग्राहक बैंक के चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन उनके हिस्से में काम होने की जगह मैनेजर की झिड़कियां आती हैं।यहां तक कि80वर्षीय बुजुर्ग जन को भी परेशान करती हैं।शिकायत करने वालो का कहना है कि वे ऋण लेने के लिए महिनों से चक्कर काट रहे उनका काम नहीं होता है।लेकिन यदि आप एजेंट से सुबह संपर्क कर ले तो शाम तक लोन भी पास हो जाता है।विजय नगर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक आफ इंडिया से मांग की गई है कि बैंक को दलालों से मुक्त करा कर ग्राहकों को राहत दिलायें।

### शीतकालीन सत्र में संविदा कर्मचारियों/अधिकारियों के नियमितिकरण मुद्दों पर होगी चर्चा

**जबलपुर ।** शिक्षा की ज्योत को अमर करने वाले ऐसे भावी लगभग 70 संविदा कर्मचारी/अधिकारी जो की शिक्षा विभाग एवं ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में संविदा पद्धति से 26 वर्षो से अपना जीवन सेवाएं देकर समर्पित कर चुके है ।और उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण के लिए दर दर भटकना पड़ रहा ।गुरुवार को जिला जबलपुर क्षेत्र में 4 विधायकों क्रमशः तरुण भनोत, विनय सक्सेना, अशोक रोहाणी, नंदिनी मरावी को उनकी विधानसभा क्षेत्र में जाकर नियमितीकरण की जटिल समस्या से संघर्ष कर रहे समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संविदा कर्मचारियों/अधिकारियों के नियमितिकरण आदि मांगों को पूर्ण करने के संबंध में सर्वशिक्षा अभियान कर्मचारी संघ म.प्र. ने ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है ।जिस पर विधायक तरुण भनोत ने इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा में उठाकर समस्या को दूर करेंगे ।विधायक अशोक रोहाणी, नदनी मरावी एवं सुशील तिवारी इंदू ने कहा की शिक्षा मंत्री और मुख्य मंत्री से मुलाकात कर विसंगति को दूर कराएंगे ।

## अधारताल में सड़क हादसे

# श्रमिकों को बाइक सवार ने मारी टक्कर, बस का इंतजार कर रही महिला को रौंदा

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत दो सड़क हादसे में दो युवक सहित एक महिला आज बुरी तरह घायल हो गयी। जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे में युवकों को जहां गंभीर चोटें है तो वहीं महिला को सिर में चोट है। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं में अज्ञात मोटरसायकिल सवार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर, मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कमलेश धुर्वे और जगदीश आर्मो अधारताल तालाब के पास पैदल घर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक क्रमांक एमपी 20 एनए 3932 में सवार चालक ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह रोड के उसपार, दूर जा गिरे। जिन्हें गंभीर चोटें आईं है। हादसे के दौरान मची चीख-पुकार के बाद राहगीरों ने दोनों घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार अज्ञात वाहन चालक को तलाश रही है।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार अज्ञात वाहन चालकों को तलाश करने में जुटी**

### मंदिर के पास खड़ी थी महिला, मारी टक्कर

तो वहीं दूसरी ओर अधारताल के महाराजपुर दुर्गा मंदिर के पास बस के इंतिजार में खड़ी महिला रीना दाहिया उम्र 29 वर्ष पति दयाशंकर दाहिया निवासी तिवरी मौसी के यहां से आ रही थी, तभी बाइक क्रमांक एमपी 20 एनए 6810 में सवार अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। वहां से निकल रहे राहगीरों ने सड़क पर बेसुध पड़ी महिला को अस्ताल पहुंचाया और मौके पर पुलिस को सूचित किया। पुलिस अब अज्ञात बाइक सवार को तलाश करने में जुटी है।

# कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

**जबलपुर ।** जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय करने वाली दुकानों और प्रदेश में जहरीली शराब से मृत्यु के मामलों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है।इसके तहत जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय करने वाली सात दुकानों के लायसेंस 5-5 दिन के लिए निलंबित किये गये हैं। जबकि सात देशी-विदेशी मदिरा एवं वाइन आउटलेट में अनियमिततायें पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार दो वाइन आउटलेट लायसेंस दुकानों पर प्रकरण दर्ज किये गये। सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिन सात मदिरा दुकानों का लायसेंस 5-5 दिन के लिए निलंबित किया गया है। उनमें देशी मदिरा दुकान ककरतलैया, विदेशी मदिरा दुकान सदर, विदेशी मदिरा दुकान शारदा चौक, विदेशी मदिरा दुकान विजयनगर, विदेशी मदिरा दुकान महानद्दा, विदेशी मदिरा दुकान बिलहरी और विदेशी मदिरा दुकान माढ़ोताल चुंगीनाका शामिल है। इन सभी सातों दुकानों के लायसेंस निलंबन के दिन बाद में तय किये जायेंगे। कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देश पर नौ देशी-विदेशी मदिरा दुकानों एवं वाइन आउटलेट लायसेंसों का आबकारी विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किया जाना एवं अन्य अनियमिततायें पाये जाने पर सात दुकानों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिन दुकानों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है उनमें विदेशी मदिरा दुकान बरेला, विदेशी मदिरा दुकान क्षेत्रीय बस स्टैण्ड, विदेशी मदिरा दुकान व्हीकल मो?तिराहा, विदेशी मदिरा दुकान मझगंवा, देशी मदिरा दुकान भानतलैया, विदेशी मदिरा दुकान चंडालभाटा और देशी मदिरा दुकान सदर शामिल हैं। इसके अलावा जिले की तीन आउटलेट लायसेंस दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें से दो वाइन आउटलेट लायसेंस दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर वाइन विक्रय किये जाने पर प्रकरण दर्ज किये गये। जिन दो वाइन आउटलेट पर प्रकरण दर्ज किये गये हैं उनमें नवले शाक्य वाइन आउटलेट विजयनगर और प्रमोद शाक्य वाइन आउटलेट सिविल लाइन शामिल हैं।

**सात मदिरा दुकानों के लायसेंस 5-5 दिन के लिए निलंबित**

**दो वाईन आउटलेट दुकानों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज**

# संजीवनी नगर में प्रोडेक्शन मैनेजर के घर लाखों की चोरी

## दरवाजे का कुंदा उखाड़कर कीमती जेवरात ले उड़े चोर

जबलपुर, यशभारत। चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं, जिसकी एक बानगी आज संजीवनीनगर थाना क्षेत्र के गुजराती कॉलोनी, गंगानगर में उस वक्त देखने मिली जब पेपर मिल में पदस्थ एक प्रोडेक्शन मैनेजर सपरिवार अपने मामा के घर गया था। तभी देर रात चोरों ने सूने मकान के दरबाजे का कुंदा उखाड़कर अममारी का लॉक तोड़ा और लाखों रुपए के कीमती जेवरातों पर हाथ साफ कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस अब सीसीटीव्ही फु टेज खंगाल रही है। लेकिन अभी तक कोई सबूत हाथ नहीं लगा है। जानकारी अनुसार मनीष दुबे उम्र 32 वर्ष निवासी गुजराती कॉलोनी गंगानगर ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि जबाली पेपर में प्लांट प्रोडेक्शन मैनेजर के पद पर रिछाई जबलपुर में वह पदस्थ है और घर से सपरिवार अपने मामा के घर प्रोफेसर कॉलोनी माढ़ोताल गया था, रात करीब 9 बजे घर वापस आकर देखा तो वाउण्ड्री के मेनगेट का ताला लगा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो दरवाजे का कुंदा उखड़ा हुआ था अंदर अलमारी में रखा सोने का बड़ा हार, एक छोटा हार, 6 अंगूठी, एक पंचाली मंगलसूत्र, 4 मंगलसूत्र, 4 जोड़ी बाले, 2 जोड़ी कंगन, चांदी की एक जोड़ी बड़ी पायल, 4 जोड़ी पतली पायल, 2 करधन, 14 बिछिया, 2 कटोरी, 2 चम्मच, चांदी की 7 चूड़ी, 10 सिक्के, लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति आदि जेवरातों पर चोर हाथ साफ कर गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीव्ही फुटेज, चोरों का सुराग नहीं**



# अधिवक्ताओं ने मनाया ओलम्पिक जीत का जश्न

**जबलपुर।** टोक्यों ओलम्पिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने जर्मनी को हराकर इतिहास रच दिया वहीं पहलवान रवि दाहिया ने रजत पदक जीतकर देश का नाम भी गौरवान्वित किया है। भारतीय खिलाडियों के इस प्रदर्शन से जहां देश भर में जश्न मनाया जा रहा है वहीं जबलपुर के अधिवक्ता समाज में भी हर्ष व्याप्त है जिसको लेकर आज जिला अदालत में मप्र राज्य अतिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर अधिवक्ताद्वय शैलेन्द्र सिंह ठाकुर,तरूण रोहितास,आलोक जैन,महेन्द्र चक्रवर्ती,महेन्द्र श्रीवास्तव,अमित साहू,उपेन्द्र सिंह,शिवम गुप्ता,प्रशांत लियो,दुर्गेश मनाना,राकेश टंडन,अनिल पटेल,मनीष दुबे,देशपाल चौधरी,रामकुमार सोनी,आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को दी बधाई**




## विश्व स्तनपान दिवस के अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया

# मां के दूध से बढ़ती है शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता

**जबलपुर। विश्व स्तनपान दिवस के अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें एलगिन अस्पताल में आई एम ए अध्यक्ष डॉ. दीपक साहू, सचिव डॉ. ब्रजेश चौधरी, रीजनल डायरेक्टर स्वास्थ्य डॉ. संजय मिश्रा, एलगिन अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश खरे ,वूमेन डॉक्टर विंग की अध्यक्ष डॉ. चित्रा जैन एवम सेक्रेटरी डॉ. सोनल रिछारिया, विषय विशेषज्ञ डॉ. सूरज साहू व डॉ. नेहा जैन व अन्य विशेषज्ञों ने अपनी बात में स्तनपान के महत्व पर चर्चा की।**



बच्चे के जन्म होने के तुरंत बाद मां द्वारा बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। स्तनपान कराने से बच्चे का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और बहुत सारी बीमारियां बच्चों में जल्दी से नहीं लगती हैं। जहां तक हो सके ऊपरी दूध का उपयोग नहीं होना चाहिए। स्तनपान कराने से बच्चे व माता में एक अपनापन विकसित होता है जिससे बच्चे का विकास अच्छा और पूर्ण होता है। मां के दूध में जो भी तत्व जरूरी हैं एक बच्चे को विकसित होने के लिए वह पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहते हैं। केवल छह माह के बाद ही बच्चे को हल्का नर्म भोजन देना चाहिए।

स्तनपान कराने से यह अपने आप में एक गर्भनिरोधक का कार्य भी करता है।स्तनपान को लेकर अभी भी लोगों के बीच कई सारी भ्रांतियां हैं। जिन्हें विशेषज्ञों व शासन की विभिन्न योजनाओं द्वारा दूर करने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है।स्तनपान कराने का अर्थ है बच्चे को अमृत पिलाना। अंत में इन संस्थाओं द्वारा बच्चों की मां व स्वजनों को बिस्किट का वितरण किया गया।साथ ही यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली मां को पौष्टिक आहार लेना भी आवश्यक है।



# मां मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा में शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक आरंभ

**जबलपुर।** देवाधिदेव महादेव को अत्यंत प्रिय श्रवण मास के अवसर पर पानदरिवा स्थित मक्रवाहिनी मंदिर परिसर में प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक भक्तजनों द्वारा किया जा रहा है। पंडित नरेन्द्र कृष्ण महाराज के सानिध्य में चल रहे पावन कार्यका उद्देश्य जन कल्याण, जन आरोग्य और संतान सुरक्षा है। महाराजश्री ने बताया पूरे व्रा माह पर आयोजित होने वाले इस पावन कार्य का यह 21वां वर्ष है। मां मक्रवाहिनी परिवार ने श्रद्धालु भक्तों से सम्मलित होने की अपील करते हुए पुण्य लाभ अर्जित करने का आव्हान किया है। इस आयोजन में कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन कड़ाई से किया जा रहा है।

# वृक्षों को सावन में बांधा फ्रेंडशिप बेंड



**जबलपुर यशभारत।** संस्कारधानी जबलपुर शहर में सावन के महीने के अवसर पर चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है और ऐसे में अपनी प्रकृति को हरा-भरा करने और अगस्त के महीने में मनाए जाने वाले फ्रेंडशिप डे मैं जहां लोग एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर मित्रता दिवस मनाते हैं ऐसे में केसरिया हिंदू वाहिनी संगठन ने हिंदू धर्म और संस्कृति का पालन करते हुए पौधारोपण किया और पौधों को अपना मित्र मानते हुए उनके संरक्षण का भी बीड़ा उठाया । संगठन के द्वारा जबलपुर शहर के मंदिरों में पौधारोपण किया जाना तय किया है केसरिया हिंदू वाहिनी संगठन के द्वारा द्वारा सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में आम नीम अमरूद जामुन कटहल आंवला बेलपत्र एवं कई औषधि पौधों का रोपण कर संगठन ने विभिन्न मंदिरों में 151 फलदार पौधों का रोपण करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष पुष्कल चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन की प्रदेश मंत्री नीलम खत्री के साथ ही सीमा सिंह चौहान सिमरन सिंह शुक्ला स्मिता चौधरी आशा शर्मा निशा त्रिवेदी अंजू करोसिया रेशमा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे ।

# ओ एफ के में इंटक का युवा प्रकोष्ठ गठित



**युवा सदस्यों को वरिष्ठों नेताओं ने दिया मार्गदर्शन**

**जबलपुर यशभारत।** एस क्यू ए ई(ए) कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के अध्यक्ष आर के दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को चार नये सदस्य श्रीचंद, पी एमानुएल, संतोष कुमार, सनातन हेम्ब्रम ने इंटक यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इसके उपरांत इंटक युवा प्रकोष्ठ के राष्टीय अध्यक्ष आनंद शर्मा की अध्यक्षता में एस क्यू ए ई एन्ड एल पी आर च्युवा प्रकोष्ठ इंटक च्च हेतु सभा मे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु मनीष चौबे और महामंत्री पद हेतु सुमित साहू का चुनाव किया गया। सभा में यूनियन के अध्यक्ष आर के दुबे को सर्वसम्मति से जे सी एम ढ्ढढ्ढ के सदस्य हेतु निर्णय लिया गया। सभा के समापन में आई एन डी डब्लु एफ के राष्टीय उपाध्यक्ष व जे सी एम ढ्ढ सदस्य अरूण दुबे, युवा प्रकोष्ठ इंटक के राष्टीय अध्यक्ष आनंद शर्मा, कार्यसमिति सदस्य अखिलेश पटेल, कार्यवाहक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, कार्य समिति सदस्य रूपेश मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य ललित मोहन, रामकिशन, मनोज शर्मा,विजय रजक, विजय मलिक, आशीष पासी, अनिल धंधारिया,रोहित गौतम,रमन मिश्रा, एस. लछमैया, गोपाल दत्त, मुकेश कुमार,सचिन पटेल, राहुल खरे, राहुल गुप्ता,गुलशन सूर्यवंशी, रजनीकांत तिवारी, प्रभात मिश्रा, अंकित कुशवाहा ने नये सदस्यों, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व महामंत्री एवं आर के दुबे को जे सी एम ढ्ढढ्ढ के सदस्य की दावेदारी के लिए बधाइई प्रेषित की ।

### वनमंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह का आगमन कल

**जबलपुर, ।** प्रदेश के वनमंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शनिवार 7 अगस्त को रात्रि 10.10 बजे सतना से एल.टी.टी. फेस्टीवल ट्रेन द्वारा जबलपुर आयेंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। वनमंत्री रविवार 8 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे कार द्वारा जबलपुर से नरसिंहपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा का आगमन आज



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवँ साँसद विष्णुदत्त शर्मा का आज शुक्रवार 6 अगस्त को शाम 4-30 बजे वायुयान द्वारा दिल्ली से जबलपुर आगमन हो रहा है। *प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा शाम 5 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल पहुचेंगे( जहां वे कार्यकर्ताओं से भेंट करेगें। तत्पश्चात कटनी के लिए रवाना होंगे।

### चौरसिया समाज द्वारा पौधारोपण-सेवानिवृत्ति सम्मान

**जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा समाज के वरिष्ठ अखिल चौरसिया का उद्योगविभाग से महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त होने पर उनके त्रिमूर्ति नगर स्थित आवास पर समाजजनोंकी उपस्थिति में अशोक व नीम का पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में चौरसिया समाज व श्री भगवान गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट, पान दरीबा केअध्यक्ष भाई योगेश चौरसिया, आर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड के पूर्व चेयरमेन सुनील चौरसिया, वरिष्ठ मधुसूदन मोदी, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कामना मोदी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष भाई राहुल चौरसिया, सचिव श्री राजू (आर.सी.), ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सत्यनारायण 'सत्तू समाज कोषाध्यक्ष ई. शिवचरण जी, गोपाल पटेल, इंजी. गोपाल जी, इंजी. हरीश सुमन, एड. आनंद, भगवानदास, अवधेश ,सत्यनारायण, प्रहलाद रांझी, नितिन पिंकू सौरभ सोनू, पंकज (पनागर), रामसेवक, एड. पुनीत रामकृष्ण, सुशील लखन, गोपाल नारायण, अवधकिशोर सदर आदि ने बारी-बारी से तिलक लगाकर, मोतियों की माला से स्वागत किया। श्रीमती वंदना अखिल, श्रीमती सरिता का समाज की श्रीमतीमोहिनी, श्रीमती माधुरी और श्रीमती सुमन द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। अखिल चौरसिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर शब्द संयोजना स्वरूप अभिनंदन पत्रज्ज का वाचन इंजी. चंद्रकिशोर मोदी द्वारा किया जिसे सभी समाजजनों द्वारा भेंट करउनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।



# बारिश के कारण स्कूलों में पांच फीसद रही उपस्थिति

**भोपाल ।** प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में नौवीं व दसवीं की कक्षाएं गुरुवार से शुरू होनी थी, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश से गफलत के कारण परेशानी हुई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए आदेश में सभी कक्षाओं के लिए दिन तय किए गए थे। गुरुवार को बारहवीं की कक्षाएं लगना तय था। इसके बावजूद सरकारी स्कूलों ने दसवीं कक्षा के बच्चों को भी बुला लिया था। वहीं, निजी स्कूलों में बारहवीं के बच्चे पहुंचे। बारिश के कारण निजी स्कूलों में बहुत कम उपस्थिति रही, क्योंकि बस और वैन का संचालन न होने से अभिभावकों ने बहुत जरूरी होने पर ही बच्चों को स्कूल पहुंचाया। इस कारण भी निजी स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। वहीं, सरकारी स्कूलों में करीब पांच से सात फीसद उपस्थिति रही। हर स्कूल में करीब 200 या 250 बच्चों में से दस या बारह बच्चे ही स्कूल पहुंचे। गुरुवार से नौवीं व दसवीं की कक्षाएं सप्ताह में दो दिन 50 फीसद उपस्थिति के साथ शुरू की गई हैं। अभिभावकों की सहमति पत्र के आधार पर ही बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जा रहा है। बता दें कि 26 जुलाई से प्रदेश के स्कूलों में ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसमें भी 15 से 20 फीसद की उपस्थिति हो रही है।

**एक स्कूल में 10 से 12 बच्चे ही पहुंचे**



### अभिभावकों ने कहा-सप्ताह में तीन से चार दिन लगे स्कूल

कुछ निजी स्कूलों में दसवीं के बच्चे प्रैक्टिकल के लिए आए थे। निजी स्कूलों के अभिभावकों का कहना है कि एक बच्चे के लिए सप्ताह में तीन से चार दिन का समय तय किया जाए, जिससे बस या वैन से बच्चों को भेजा जा सके। उनका कहना है कि सप्ताह में एक दिन के लिए पूरे माह का बस का किराया देना संभव नहीं है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में 220 में से 12 बच्चे आए

उत्कृष्ट विद्यालय में दसवीं कक्षा के 220 में से 12 बच्चे पहुंचे। सभी बच्चों ने दोपहर दो बजे तक पढ़ाई की। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को होमवर्क भी दिया जाएगा, ताकि एक सप्ताह में उसे बच्चे करके लाएंगे। सभी कक्षाओं के एक बच्चे की बारी सप्ताह में एक दिन ही आएगी।

स्कूलों में कोविड गाइडलाइन का पालन करने के आदेश दिए गए हैं। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों की काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

**-नितिन सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी**

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद का लक्ष्य कम, केंद्र बढ़ाए कोटा- कमल नाथ

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में इस बार ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन 12 लाख टन से ज्यादा हुआ है। तीन लाख से ज्यादा किसानों ने आठ लाख 36 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन कराया है। सरकार ने मूंग का दाना-दाना खरीदने की घोषणा की है पर किसान उपज बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। अभी तक केंद्र सरकार ने दो लाख 47 हजार टन मूंग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने की अनुमति दी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मांग की है कि किसान हित में खरीद का लक्ष्य बढ़ाया जाए, जिससे किसानों राहत मिल सके। केंद्र सरकार ने प्रदेश को एक लाख 34 हजार टन मूंग



समर्थन मूल्य (7196 रुपये प्रति क्विंटल) में खरीदने की अनुमति दी थी। इस लक्ष्य को बढ़वाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की थी। इसके बाद खरीद का लक्ष्य एक लाख 13 हजार टन बढ़ाकर दो लाख 47 हजार टन कर दिया गया है। हालांकि, इसे भी कम बताया जा रहा है। कृषि मंत्री कमल पटेल का कहना है कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। शिवराज सरकार किसानों के साथ है और उनके हित में सभी कदम उठाएगी। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि मूंग की खरीद का जो लक्ष्य बढ़ाया गया है वो बहुत कम है। किसानों को उपज बेचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री से मांग की है कि लक्ष्य को बढ़ाया जाए ताकि मूंग बेचने के लिए परेशान हो रहे किसानों को राहत मिल सके।

# अदालती प्रकरण में उलझे छात्रों को भी मिलेगा कॉलेजों में प्रवेश

**भोपाल ।** नए शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के कॉलेजों में विद्यार्थियों के प्रवेश को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए नए नियमों पर बवाल हुआ तो विभाग ने अपने निर्देश वापस ले लिए। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विभाग ने गुरुवार को एक आदेश पत्र जारी कर नियम बदल दिए हैं। अब न्यायालय में चल रहे आपराधिक प्रकरण के आधार पर किसी भी विद्यार्थी का प्रवेश नहीं रोका जाएगा। उच?च शिक्षा विभाग ने प्रवेश नियमों में संशोधन और इससे संबंधित प्रविधान की कंडिका 26(2) का विलोपन किया है। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग ने कुछ दिन पूर्व नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के कॉलेजों में एडमिशन के लिए जो सर्कुलर जारी किया था, उसमें ऐसे छात्रों को कॉलेजों में एडमिशन नहीं देने का प्रविधान किया गया था, जिनके खिलाफ अदालत में कोई आपराधिक प्रकरण चल रहा हो। इस सर्कुलर के जारी होते ही बवाल मच गया था। विपक्ष के साथ-साथ भाजपा सरकार के कई मंत्री तथा संगठन के कई पदाधिकारियों ने भी इस पर आपत्ति जताई थी। बता दें कि इस आदेश के नियमों के खिलाफ युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने कड़ी आपत्ति ली थी। त्रिपाठी ने बयान जारी कर कहा था कि इस नए नियम की वजह से छात्र नेताओं का भविष्य चौपट हो जाएगा। छात्र कॉलेजों में अध्ययन के दौरान अपनी मांगों को लेकर आंदोलन-प्रदर्शन की राह अख्तियार करते हैं, उसका हिस्सा बनते हैं। इसके चलते कई बार प्रबंधन उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज करा देते हैं। ऐसे में इस नए नियम के चलते छात्र नेताओं की मुशकिलें बढ़ेंगी। यह सही नहीं है।



**अदालती प्रकरण में उलझे छात्रों को भी मिलेगा कॉलेजों में प्रवेश**

# लूट की कहानी गढ़ने हाथ में ब्लेड से घाव किए, खुद पर मिर्च पाउडर डाला, धरा गया

**भोपाल।** डेढ़ लाख रुपये के कर्ज से परेशान एक युवक ने अपने मालिक सुपारी व्यापारी के एक लाख रुपये हड़पने के लिए साजिश रची। इस मामले में उसने अपनी महिला मित्र को भी शामिल कर लिया। योजना के तहत नौकर ने खुद के बाएं हाथ पर ब्लेड से घाव कर लिए। कपड़ों पर मिर्च पाउडर भी डाल लिया। लूट की सूचना मिलते ही मालिक मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल और सघन पूछताछ के बाद मामला फर्जी निकला। पुलिस ने नौकर और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार कर रुपये बरामद कर लिए हैं। हनुमानगंज पुलिस के मुताबिक एयरपोर्ट रोड स्थित इंद्रविहार कालोनी में रहने वाले दीपक हिरवानी (49) की जुमेराती में शंकर सुपारी के नाम से दुकान है। पिछले छह-सात सालों से उनकी दुकान पर नरेंद्र पंथी काम करता है। भरोसा होने के कारण दीपक नरेंद्र को रोजाना बैंक में रुपये जमा करने के लिए भेजता था। बुधवार शाम करीब चार बजे दीपक ने उसे एक लाख पांच हजार रुपये हमीदिया रोड स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की पर्ची भरकर जमा करने के लिए भेजा। करीब बीस मिनट बाद नरेंद्र ने दीपक को फोन करके बताया कि मनोहर डेयरी वाली गली में उसके साथ लूट हो गई है। दीपक तुरंत मौके पर पहुंचा। उसे नरेंद्र ने बताया कि लाल रंग की बाइक से आए दो लड़के उसके हाथ में चाकू मारकर और आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर नोटों से भरा बैग छीनकर भाग गए हैं। दीपक ने नरेंद्र को थाने जाकर शिकायत करने को बोला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मनोहर डेरी में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए। उसमें नरेंद्र स्कूटर पर हेलमेट लगाकर आए किसी व्यक्ति को रुपयों वाला बैग देते हुए दिखाई पड़ा। इससे नरेंद्र पर शक बढ़ गया। उसकी तलाश की गई तो वह शिकायत करने थाने जाने के बजाय डीआइजी बंगला के पास घूमता मिला। उसे थाने लाकर पूछताछ की गई। उसने रुपये महिला मित्र मोहिनी पंथी को देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आंबेडकर नगर निवासी मोहिनी को हिरासत में लेकर स्कूटर में रखा रुपयों से भरा बैग बरामद कर लिया। पुलिस ने नरेंद्र और मोहिनी को गिरफ्तार कर स्कूटर जब्त कर ली है।

**सीसीटीवी फुटेज देखने पर हुआ घटना का खुलासा**

### कर्ज उतारने के लिए बनाई लूट की योजना

पूछताछ के दौरान आरोपी नरेंद्र ने बताया कि उस पर करीब डेढ़ लाख रुपये का कर्ज है। व्यवसायी उस पर भरोसा करते थे, इसलिए उसने महिला मित्र के साथ मिलकर रुपये हड़पने की योजना बनाई। योजना के तहत वह रुपये लेकर दुकान से निकला और मोहनी को फोन करके बुलाया। उसके बाद उसने रुपयों वाला बैग देने के बाद खुद ही ब्लेड से अपने हाथ पर घाव बनाए और मिर्च पाउडर शर्ट पर डाल लिया था।



# विमान से भोपाल पहुंची महिला यात्री का ज्वेलरी से भरा बैग गायब, सीआइएसएफ ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से खोज निकाला

**भोपाल ।** पुणे से भोपाल पहुंची एक महिला यात्री का ज्वेलरी से भरा बैग रहस्यमय ढंग से गायब होने की सूचना मिलने से गुरुवार को राजाभोज एयरपोर्ट पर सनसनी फैल गई। सीआइएसएफ के जवानों ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द ही बैग को ढूंढकर महिला यात्री के सुपुर्द कर दिया।महिला यात्री का नाम रितु जैन है। रितु अपने भाई आदित्य के साथ एयर इंडिया की पुणे उड़ान से बुधवार को भोपाल आई थीं। वे एयरपोर्ट से टैक्सी से घर की ओर रवाना हुई थीं। घर पहुंचने के बाद उन?होंने पाया कि उनका हैंडबैग गायब है। बैग में 15 हजार रुपये नकद एवं करीब आठ लाख रुपये कीमत की ज्वेलरी रखी थी। रितु ने बैग गायब होने की सूचना एयरपोर्ट मैनेजर को दी। मैनेजर ने सीआइएसएफ से बैग ढूंढने को कहा। सब इंस्पेक्टर सुधीर और महिपतसिंह ने सीआइएसएफ के फुटेज खंगाले। फुटेज में एयरपोर्ट से बाहर निकलने तक बैग महिला के हाथ में ही नजर आ रहा था।

# दामखेड़ा के कलियासोत नदी बहाव क्षेत्र में फिर बढ़ने लगा अतिक्रमण



**भोपाल।** राजधानी में बीते कुछ दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने कोलार दामखेड़ा ए व बी सेक्टर के लोगों की चिंताए बढ़ा दी हैं। हालांकि अभी जलस्तर इतना नहीं बढ़ा है कि कलियासोत डैम के गेट खोले जाएं। यदि एक से दो दिन तेज बारिश हुई और कलियासोत डैम के तीन से चार गेट खोले गए तो दामखेड़ा में पिछले साल की तरह बाढ़ के हालात बनने से इनकार नहीं किया जा सकता है। दरअसल नगर निगम व जिला प्रशासन ने दामखेड़ा ए व बी सेक्टर में कलियासोत नदी कि किनारे बने टीन शेड के आवासों को हटा कर उनमें रहने वाले लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट नहीं किया है। बीते साल दामखेड़ा बी सेक्टर में कलियासोत डैम के चार से छह गेट खुलने से बाढ़ आ गई थी। 150 झुग्गियां बह गई थीं। 300 से अधिक लोग बेघर हो गए थे। प्रशासन ने करीब 50 परिवारों को कजलीखेड़ा में शिफ्ट किया था। नदी के किनारे झुग्गियां हटा दी गई थीं, लेकिन एक साल में फिर नदी के किनारे झुग्गियां बन गईं। ऐसे में फिर गेट खुलने पर दामखेड़ा बी सेक्टर में तबाही के हालात बनना तय है। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन के कोलार फायर सब स्टेशन अधिकारी पकंज खरे ने बताया कि अभी तक कलियासोत डैम के गेट खुलने की नौबत नहीं आई है। यदि एक से दिन लगातार तेज बारिश हो गई तो गेट खुलने पर कलियासोत नदी में पानी आने पर किनारे बने दामखेड़ा बी सेक्टर में बाढ़ आएगी। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एनाउंसमेंट करा कर नदी के किनारे बसे लोगों को बाहर किया जाता है।

बाढ़ आने पर जागते हैं जिम्मेदार

कोलार दामखेड़ा ए व बी सेक्टर में कलियासोत नदी के दायरे में 500 से अधिक झुग्गियां व टीन शेड के मकान हैं। नगर निगम व जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने नदी के 33 मीटर दायरे में अतिक्रमण होने दिया। लोगों ने मनमर्जी से नदी के किनारे मकान बना लिए। इतना ही नहीं कलियासोत नदी के किनारे कई बिल्डरों व कॉलोनाइजरों से मल्टियां बना दीं। कलियासोत डैम के गेट खुलने पर मल्टियों तक पानी पहुंच जाता है, जिससे रहवासियों की रातों की नींद उड़ जाती है। प्रशासन ने इस समस्या का स्थाई निराकरण नहीं किया है। बाढ़ आने पर जिम्मेदार अधिकारी व नेता जागते हैं।

हो चुकी हैं डूबने की घटनाएं

बारिश के दौरान बड़े तालाब का जलस्तर बढ़ने पर भदभदा डैम के गेट खुलते हैं। इसके बाद कलियासोत डैम के गेट खोले जाते हैं। इससे कोलार दामखेड़ा ए व बी सेक्टर में रहने वाले लोगों के डूबने की घटनाएं हो जाती हैं। साल 2013 में एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। साल 2006 में भी पूरे दामखेड़ा में बाढ़ के हालात बन गए थे। नगर निगम के फायर अमले ने कई लोगों को बचाया था। इससे पहले भी लोगों की डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं।

# बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को देंगे 50 किलो गेहूं, मकान की व्यवस्था भी करेंगे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अति वृष्टि और बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार को 50 किलो गेहूं तत्काल प्रदान किया जाए। बिजली व्यवस्था और मोबाइल नेटवर्क को सुधारने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिन परिवारों के घर ढह गए हैं उनके लिए छत की व्यवस्था करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री गुरुवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी मंत्री, स्थानीय मंत्री, कमिश्नर एवं कलेक्टरों के साथ राहत के संबंध में निवास से वीडियो कांफ्रेंस द्वारा चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से हरसंभव सहयोग प्राप्त हो रहा है। राहत शिविरों में भोजन, पीने के पानी, पर्याप्त दवाओं, बीमार व्यक्तियों के परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित करें कि राहत शिविरों में बीमारी नहीं फैले।समीक्षा बैठक में ग्वालियर से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भिंड से सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, मुरैना से उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह और शिवपुरी से खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने भी वीडियो कांफ्रेंस में भाग लिया। बैठक में बताया गया कि एनडीआरएफ की तीन-तीन टीमें शिवपुरी, मुरैना और भिंड में जुटी हैं। वायु सेना के पांच हेलीकॉप्टर भी कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्योपुर में बहुत अधिक तबाही हुई है। जिला प्रशासन हर दो घंटे में सूखी खाद्य सामग्री भेजना सुनिश्चित करे। ग्वालियर से भोजन के पैकेट हजार पैकेट श्योपुर भेजे जा रहे हैं। चिकित्सा व बिजली व्यवस्था के लिए प्रभारी मंत्री समन्वय करें।

### अफवाह फैलाने वालों पर एफआइआर करें दर्ज

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में बांध टूटने की अफवाहों से लोगों में भय और भगदड़ का माहौल बनता है। अफवाहों पर नियंत्रण करने के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। अफवाह फैलाने वालों पर एफआइआर दर्ज की जाए। वीडियो कांफ्रेंस में श्योपुर कलेक्टर ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार 89 ग्राम के लगभग 19 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक पांच जनहानि की सूचना है। दतिया कलेक्टर ने अवगत कराया कि 36 गांवों के 12 हजार परिवार प्रभावित हुए हैं। जिले में आठ राहत शिविर संचालित हैं। कुल 1165 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। ग्वालियर में 46 गांव प्रभावित हुए हैं और सात शिविरों में 1500 लोग मौजूद हैं। गुना में 27 और मुरैना में 15 शिविर लगाए गए हैं।

# तीसरी लहर आई तो कैसे निपटेंगे, भोपाल में डेढ़ लाख लोगों का दूसरा डोज लंबित



**भोपाल ।** कोरोना की तीसरी लहर की आहट हो रही है। प्रदेश के कुछ इलाकों में कोरोना केस फिर बढ़ने लगे हैं। इससे बचने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना से बचाव के टीका का दूसरा डोज लग जाए। अभी हालत यह है कि भोपाल में कोविशील्ड का पहला डोज लगवाने वालों में एक लाख 15 हजार का और कोवैक्सीन का पहला डोज लगाने वाले 34 हजार लोगों का दूसरा डोज लंबित हो गया है। इनमें कुछ तो ऐसे भी हैं, जिन्हें पहला डोज लगवाए हुए तीन से चार महीने हो चुके हैं। अब तीसरी लहर की आंशका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने तय अवधि बीतने के बाद दूसरा डोज नहीं लगवाने वालों को खोजना शुरू कर दिया है। भोपाल में दोनों वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए एक लाख 49 हजार लोगों का टीकाकरण लंबित हो गया है। उधर, राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में करीब 52 लाख लोगों का दूसरा डोज लंबित है।

# संगठित अपराध पर नियंत्रण के लिए MP की शिवराज सरकार लाएगी MP जैसा गैंगस्टर एक्ट

**भोपाल ।** प्रदेश में अवैध व मिलावटी शराब, मानव तस्करी, नकली दवा, अवैध हथियारों का निर्माण-व्यापार और अवैध खनन जैसे संगठित अपराधों पर सख्ती के साथ नियंत्रण के लिए शिवराज सरकार गैंगस्टर एक्ट लाएगी। यह उत्तर प्रदेश के गुंडा नियंत्रण अधिनियम की तरह होगा। इसमें कुछ प्रविधान महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट के भी शामिल किए जा सकते हैं। इसमें पुलिस को ज्यादा अधिकार मिलेंगे। पूछताछ के लिए रिमांड अवधि 50 दिन तक हो सकती है। आरोपित की संपत्ति जब्त करने का अधिकार मिलेगा। उसे जमानत भी आसानी से नहीं मिल पाएगी। प्रदेश में पिछले दिनों अवैध रेत खनन और मिलावटी शराब से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। मिलावटी शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए विधानसभा के मानसून सत्र में आबकारी अधिनियम संशोधन विधेयक भी प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें मिलावटी शराब के सेवन से किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर आरोपित को मृत्युदंड की सजा का प्रविधान रहेगा। इसके साथ ही संगठित अपराध पर नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम सख्त कानून लागू करने की तैयारी है। दरअसल, मौजूदा प्रविधानों में आरोपितों को राहत मिल जाती है। जबकि, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में जो प्रविधान हैं, उनमें पुलिस को कई अधिकार मिले हुए हैं। उनमें आसानी से जमानत नहीं मिल पाती है। पुलिस को पूछताछ के लिए अतिरिक्त समय भी मिलता है। यही वजह है कि शिवराज सरकार ने सख्त कानून बनाकर संगठित अपराध पर नकेल कसने की तैयारी शुरू की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग अधिनियम बनाने के लिए सक्रिय हो गया है। इस संबंध में विधि विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी हो चुकी है। अपर मुख्यसचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस विषय पर काम शुरू हो गया है। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अधिनियम के दायरे में वे सभी अपराध शामिल किए जाएंगे, जिसमें एक से अधिक व्यक्ति भूमिका होती है। मानव तस्करी, जाली नोट, नकली दवाओं का व्यापार, अवैध हथियारों का निर्माण और व्यापार, अवैध खनन, मिलावटी शराब का कारोबार, फिरौती के लिए अपहरण जैसे अपराधों को इस श्रेणी में रखा जाएगा। विधानसभा से विधेयक पारित होने के बाद इसे केंद्र सरकार को अनुमति के लिए भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में प्रदेश सरकार के इस कदम को केंद्र सरकार का भी साथ मिलेगा। यदि नौ अगस्त से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र तक यह तैयार हो जाता है तो इसे प्रस्तुत किया जा सकता है अन्यथा यह नवंबर-दिसंबर के शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।



# बजरंग पुनिया सेमीफाइनल में, अशोक अदिति से भी पदक की आस

नई दिल्ली। गुरुवार को जिस तरह भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। उसी तरह आज यानी शुक्रवार 6 अगस्त को भारतीय महिला हॉकी टीम के पास भी ब्रॉन्ज मेडल जीतने का मौका था, जिसे महिला टीम भुना नहीं पाई। कांस्य पदक मैच में भारत को 3-4 से हार मिली।



## बजरंग पुनिया पहुंचे सेमीफाइनल में, विक्ट्री बाय फॉल


भारतीय पहलवान बजरंज पुनिया ने शानदार खेल दिखाते हुए लगातार दूसरे मुकाबले में दमदार जीत हासिल की। इरान के विरोधी मुर्ताजा को पटखनी देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले राउंड में पिछड़ने के बाद बजरंग ने शानदार दांव लगाया और मुर्ताजा को चित करते हुए विक्ट्री बाय फॉल से जीत हासिल की और पदक की तरफ अगला कदम बढ़ाया।

## अदिति जीत सकती हैं पदक

महिला गोल्फर अदिति अशोक तीसरे दौर में तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। फाइनल में एक दिन शेष है और अगर वह इसे बनाए रखती हैं, तो वह भारतीय टीम के लिए रजत पदक जीत सकती हैं। कल भी खराब मौसम की संभावना है। ऐसे में सभी भारतीय उम्मीद लगा रहें होंगे कि मौसम खराब रहे और भारत पदक जीत जाए।

## बजरंग पूनिया क्वार्टर फाइनल में

भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल 1/8 फाइनल मैच में किर्गिस्तान के ई अखमदालिव के खिलाफ जीत हासिल की और टोक्यो ओलिंपिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब तक टोक्यो में जारी ओलिंपिक में पांच पदक जीत चुका है, जिसमें से दो पदक सिल्वर मेडल के रूप में आए हैं, जबकि तीन पदक कांस्य के रूप में आए हैं। चार व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में भारत ने पदक जीते हैं, जबकि एक पदक टीम के रूप में आया है, जिसे हॉकी पुरुष टीम ने जीता है।



## महिला हॉकी टीम हारी

रियो ओलिंपिक की गोल्ड मेडल विजेता ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भारत को हार झेलनी पड़ी। ग्रेट ब्रिटेन ने 4-3 से जीत दर्ज कर टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की।




भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में अच्छा खेल दिखाया। भारतीय महिला हॉकी टीम को दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में गोल खाना पड़ा। थ्रीडी स्किल्स के जरिए ग्रेट ब्रिटेन की ओर से एलीना सियान ने गोल किया और कांस्य पदक के इस मैच में खाता खोला। दूसरा गोल करीब दसवें मिनट में इंग्लैंड की टीम ने किया, जब सारा रॉबर्ट्सन ने गोल किया और बढ़त को 2-0 में तब्दील किया, लेकिन भारतीय महिला टीम ने भी वापसी करते हुए एक गोल दागा। हाफ टाइम तक भारत 3-2 से आगे था, लेकिन इसके बाद भारत आगे नहीं निकल सका। इस तरह तीसरे क्वार्टर में ग्रेट ब्रिटेन ने 3-3 की बराबरी पर मुकाबला छोड़ा। मैच का चौथा और आखिरी क्वार्टर खास और रोमांचक रहा, जिसमें ग्रेट ब्रिटेन की ओर से ग्रेस बैल्सन ने पेनाल्टी कार्नर के जरिए गोल दागा, जो निर्णायक साबित हुआ और इस तरह ग्रेट ब्रिटेन ने 4-3 की बढ़त हासिल की और ये बढ़त अंत तक बनी रही। भारत के पास कुछ मौके जरूर बराबरी करने के लिए आए, लेकिन टीम 3-4 से पिछड़ गई और कांस्य पदक भारत के हाथ से फिसल गया।

# भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह की होगी ग्रैंड एंट्री



**अक्षरा सिंह का प्रोमो सामने आ गया है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखाती नज़र आ रही हैं**



## बोलीं- 'वैसे तो हम जबरदस्ती रोमांस के लिए जाने जाते हैं लेकिन...

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित शो 'बिग बॉस' के इस सीज़न की पहली कंटेस्टेंट का नाम कन्फर्म हो गया है। लंबे समय से चर्चा थी कि इस बार शो में भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की एंट्री लेने वाली है। तो अब ये खबर कन्फर्म हो गई है कि अक्षरा सिंह, करण जौहर द्वारा होस्ट किए जा रहे बिग बॉस ओटीटी में भाग लेंगी। अक्षरा सिंह का प्रोमो सामने आ गया है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखाती नज़र आ रही हैं और स्टेज पर एंट्री कर रही हैं। प्रोमो में अक्षरा का चेहरा तो नहीं दिखाया गया है लेकिन हल्क फुल्की झलक ज़रूर दिखा दी गई है। वीडियो में अक्षरा कह रही हैं, 'जो लोग हमारी भोजपुरी इंडस्ट्री का नाम खराब देते हैं उन सबकी लबर-लबर बंद करने आ रहे हैं। वैसे तो हम जबरदस्त के रोमांस के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो हमें एक्शन भी बराबर आता है'। इसके बाद एक्ट्रेस स्टेज पर डांस करती दिख रही हैं। देखें प्रोमो। आपको बता दें कि अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री की फेमस स्टार हैं। एक्ट्रेस के साथ-साथ अक्षरा सिंह एक सिंगर भी हैं। इन्होंने अपना एक यूट्यूब चैनल भी लॉन्च किया है जिसके 27 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन इनके इंस्टाग्राम वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं।

## इन कंटेस्टेंट्स के नाम की है चर्चा...

आपको बता दें कि अक्षरा सिंह अलावा कई टीवी, फिल्म और म्यूजिक की दुनिया के सितारे भी बिग बॉस ओटीटी में नजर आएंगे। इसमें दिव्या अग्रवाल, रिद्धिमा पंडित, नेहा भसीन और नेहा मार्दा का नाम शामिल है। इन सभी ने कंफर्म किया है कि ये इस कॉन्ट्रोवर्शियल शो का हिस्सा बनने वाले हैं। वहीं खबर ये भी है शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता भी करण जौहर के शो में हिस्सा ले सकती हैं। इनके अलावा टीवी एक्टर जीशान खान, करण नाथ, निशा रावल, अनुष्का दांडेकर भी शो में नज़र आ सकते हैं।

बताते चलें कि इस बार शो हमेशा की तरह सीधे टीवी पर नहीं, बल्कि पहले ओटीटी प्लेटफॉर्म वूट पर स्ट्रीम किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक बिग बॉस पहले 6 हफ्तों तक वूट पर स्ट्रीम किया जाएगा उसके बाद आगे के एपिसोड टीवी पर टेलीकास्ट होंगे जिन्हें सलमान ख़ान होस्ट करेंगे।





# एलिमिनेशन पर खूब रोईं थी सना मकबूल

नई दिल्ली। खतरों के खिलाड़ी 11 में बीते हफ्ते सौरभ राज जैन के बाहर होने से खलबली मच गई है। हर कंटेस्टेंट सौरभ के बाहर होने से दुखी है। अर्जुन बिजलानी ने अपने के पावर का इस्तेमाल किया था जिसके बाद सौरभ नॉमिनेट हो गए। सोशल मीडिया पर इसके लिए अर्जुन को काफी ट्रोल भी किया जा रहा है। अब इन सब पर सना मकबूल ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।पिछले हफ्ते सौरभ राज जैन के शो से बाहर होने के बाद सना मकबूल ने एक इंटरव्यू में कहा है कि सौरभ का जाना सभी के लिए चौंकाने वाला था और उन्हें लगा कि यह अनुचित है। उसने यह भी खुलासा किया कि हर कोई सौरभ के लिए रोया।कोईमोई के साथ बात करते हुए, सना ने कहा, 卐मुझे वास्तव में बहुत बुरा लगा क्योंकि सौरभ अच्छा परफॉर्म कर रहे थे। जब मैंने अर्जुन से पूछा कि आपने उसका नाम क्यों लिया, तो उसने कहा, %मुझे लगा कि यार वह मजबूत है, वह वापस आएगा, मैं गारंटी देता हूं%।.% और मेरा विश्वास करो, सभी ने सोचा था कि वह वापस आ जाएगा ... उसका ऐसे शो से बाहर हो जाना सभी के लिए बहुत चौंकाने वाला था। सब रोए है। मैं जानती हूं कि मैं कितना रोई हूं। मैंने किसी के बाहर होने पर नहीं रोई, लेकिन जब सौरभ जा रहे थे, तो मुझे बहुत बुरा लग रहा था, मुझे ऐसा लग रहा था कि, %नहीं, यह गलत है% ...। सना ने आगे कहा- अगर कल आप मुझे बोलो कि ना तुम्हारे पास ये पावर है कि तुम किसी को भी निकाल सकती हो तो मैं उसे निकाउंगी जो मुझे सबसे मजबूत दवेदार लगेगा। अगर अर्जुन बिजलानी को लगा कि सौरभ राज जैन एक मजबूत प्रतियोगिता है, तो उसने सोचा कि वह फिर वापस आ जाएगा - उसने कभी नहीं सोचा था कि यह जाएगा, ऐसा कुछ भी होगा क्योंकि वह लगातार इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और अचानक उनका एलिमिनेशन हमारे लिए चौंकाने वाला, चौंकाने वाला था।

# गवाएं कई प्रोजेक्ट्स- नरगिस फाखरी ने बयां किया दर्द

## मैंने ना न्यूड पोज दिया, ना डायरेक्टर के साथ सोई इसलिए गवाएं कई प्रोजेक्ट्स- नरगिस फाखरी ने बयां किया दर्द

नई दिल्ली। एक्ट्रेस नरगिस फाखरी रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'रॉकस्टार' में नजर आईं। अपनी मासूमियत और एक्सेंट से वो हर दिल पर छा गईं। लोगों मानना था कि बॉलीवुड में वो काफी आगे जाएंगी पर अफसोस की उन्हें ज्यादा फिल्मों में नहीं देखा गया। कई बार सर्जरी की सलाह से लेकर कास्टिंग काउच पर खुलकर बात कर चुकी नरगिस ने अब अपने करियर को लेकर एक बेबाक इंटरव्यू दिया है।

पूर्व एडल्ट फिल्म स्टार ब्रिटनी डी ला मोरा के साथ बातचीत करते हुए नरगिस फाखरी ने अपने करियर की मुश्किलों के बारे में बताया। नरगिस ने कहा था कि 'मैं किसी चीज की भूखी हूं? मुझे शौहरत की भूख नहीं है कि मैं न्यूड पोज दे दूं, या फिर डायरेक्टर के साथ सो जाऊं। मैंने कई मौके खो दिए क्योंकि कुछ चीजें मैंने नहीं कीं। यह दिल तोड़ने वाला है। मैं वहां टिके रहने की कोशिश कर रही हूं जहां मेरे हाई स्टैंडर्ड हैं। नरगिस ने आगे कहा- बहुत बुरा लगता है क्योंकि इस वजह से मेरे हाथ से कई प्रोजेक्ट्स निकल गए। इससे मुझे दुख हुआ लेकिन मैं खुद से कहती रही कि जो लोग अपने मूल्यों पर टिकेंगे वहीं जीतेंगे। खुद के प्रति ईमानदार रही और किसी को मुझे किसी चीज के लिए मनाने की जरूरत नहीं है। मेरे लिए नैतिक मूलियों से ज्यादा कुछ नहीं है। साथ ही नरगिस ने बताया कि वो बॉलीवुड में खुश हैं। उन्होंने कहा,'मैं खुश हूं कि मैं बॉलीवुड में हूं क्योंकि वे इंटिमेट सीन्स नहीं करते। मॉडलिंग के दिनों में कई बार टॉपलेस और नेकेड शॉट्स के लिए पूछा गया लेकिन मैं इन सब में कंफर्टेबल नहीं हूं।' बता दें कि हालही में नरगिस ने सोशल मीडिया पर अपने नए लुक की फोटोज शेयर की थी जिसके बाद यूजर्स ने उन्हें जमकर ट्रोल किया। ट्रोल्स का कहना था कि प्लास्टिक सर्जरी से पहले नरगिस ज्यादा खूबसूरत लगती थीं।



खबर लगते ही पहुंचे एसपी



पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते परिजन



# आग में जल गई तीन हंसती खेलती जिंदगियां

## बिलहरी की पिंक सिटी में आधी रात सिर्फ बचा लो... बचा लो.... ही सुनाई दे रहा था

**जबलपुर, यशभारत।** कभी नहीं भूलेंगे... ऊपर वाले फ्लोर से सोनी परिवार चिल्ला रहा था... बचा लो... बचा लो...। कोशिश भी की गई.... लेकिन सफल नहीं हुए.... सिर्फ मां-बेटे को बचा पाए... आधी रात में पूरी कॉलोनी में भगद? मच गई... कोई कुछ समझ नहीं पाया और हंसती-खेलती तीन जिंदगी हमेशा के लिए सबसे दूर हो गई। ये शब्द थे बिलहरी पिंकी सिटी में रहने वाले लोगों के। मालूम हो कि गोराबाजार बिलहरी स्थित पिंक सिटी में आग लगने के चलते 7 साल के मासूम और दो महिलाओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई। वहीं 70 साल की महिला और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में तैनात उनके बेटे को कॉलोनी के गार्ड और आसपास के लोगों ने बचा लिया।

### मकान नंबर 78 में हुआ दर्दनाक हादसा

पिंक सिटी गेट नंबर तीन के अंदर बीच कॉलोनी में मकान नंबर 78 में ये दुखद हादसा हुआ। मकान रेलवे में तैनात प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर आदित्य सोनी का है। गुरुवार रात को वह घर पर थे। भूतल सहित प्रथम मंजिल का ये मकान बना है। भूतल में उनकी 70 साल की मां कैंसर पी?ता अरोराबाला सोनी किचन के सामने लगे बेडरूम में सो रही थी। वहीं आदित्य, उनकी पत्नी नेहा सोनी (32), भोपाल निवासी बहन रितु सोनी (37) भांजी परी उर्फ अन्विष्टा सोनी ( 7) पहली मंजिल पर सो रहे थे।

सीढ़ी के सहारे ऊपर पहुंचा बचाव दल



### पत्नी-बहन और भांजी की मौत से बदहवास आदित्य

तीनों शवों को मेडिकल कॉलेज की मरचुरी भिजवाया गया। वहीं 70 वर्षीय अरोराबाला सोनी की तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आदित्य सोनी की एक बहन वर्षा सोनी आस्ट्रेलिया में रहती है। बहन रितु और भांजी परी 10 दिन पहले ही भाई के घर आए थे। पत्नी, बहन व भांजी की मौत से आदित्य सोनी बदहवास से हो गए हैं। मां अरोराबाला सोनी को अभी तीनों मौतों के बारे में नहीं बताया गया है।

### छुट्टी मानने मां के साथ मामा के यहां आई थी 7 साल की परी

अग्नि हादसे में जान गंवाने वाली 7 साल की परी अपनी मां के साथ मामा आदित्य सोनी के यहां छुटटी मानने आई थी। बताया जा रहा है कि परी ने एक दिन पहले बहुत एन्जॉय किया, खूब मस्ती की लेकिन उसे नहीं पता था कि वह दर्दनाक हादसे का शिकार हो जाएगी। रेलवे में प्रोटो काल इंस्पेक्टर आदित्य सोनी की दो बहनें एक भोपाल और दूसरी आस्टेलिया में रहती है। भोपाल में रहने वाली रितु सोनी 10 दिन पहले ही अपनी बेटी परी के साथ भाई के घर रहने पहुंची थी।

फोटो- बबलू रजक

---

आंख से काजल चुराकर ले गए चोर

# पुलिस लाइन से ले उड़े आटो

जबलपुर। चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अब उनके लिए क्या पुलिस और क्या आम नागरिक। जिसकी एक बानगी आज सिविल लाइन स्थित पुलिस लाइन में उस वक्त देखने मिली जहां से अज्ञात चोर ने महिला पुलिस कर्मी के पिता का ऑटो ही पार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में मामला दर्ज कर, जांच में जुटी है। वहीं, इस खबर के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सिविल लाइन पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लोडिंग ऑटो सिविल लाइन के अंदर ब्रम्हपुत्र बिल्डिंग के सामने ही खडा था। जिसे दरमियानी रात चोरों ने उड़ा लिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि अब नागरिकों के घरों के अलावा पुलिस कार्यालय व भवन भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस ने बताया कि महिला कर्मी के पिता सुखराम कुमार ने शिकायत की थी। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है।



### सीसीटीव्ही में फुटेज नहीं आ रही समझ

पुलिस ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच जारी है। सिविल लाइन में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज समझ में नहीं आ रही है। जिसके बाद अब पुलिस आसपास की फुटेज खंगाल रही है।

---

माढ़ोताल में डंपर ने स्कूटी सवार को कुचला

# युवक की इलाज के दौरान मौत

जबलपुर। थाना माढ़ोताल अंतर्गत कंटगी रोड पर एक बेलगाम डंपर ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसे आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन इलाज के दौरान आज हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने डंपर जब्त कर, चालक को तलाश करने में जुटी हुई है। जानकारी अनुसार पुलिस को शैल्वी अस्पताल से सूचना मिली कि मृतक मंदीप रोहितास उम्र 20 वर्ष निवासी सिद्धनगर हनुमानताल का सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु भर्ती हुआ था और इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया गया।

### तनाव में आकर दे दी जान

तो वहीं, दूसरी ओर एक युवक ने तनाव में आकर मौत को गले लगा लिया। थाना पाटन में महेन्द्र सिंह लोधी उम्र 46 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड पाटन ने पुलिस को सूचना दी कि उसका बेटा गोविंद सिंह रात लगभग 8 बजे घर आकर सो गया था सुबह 7 बजे तक न जगने पर आवाज दी, बेटे की कोई आवाज न आने पर दरवाजे मं धक्का दिया तो देखा कि बेटा गोविंद कमरे मे लगे पंखे मे रस्सी से फांसी पर लटका था , बेटे गोविंद उम्र 21 वर्ष की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामले की जांच में जुटी है।

---

कांग्रेस विधायक संजय यादव ने भाजपा को घेरा

# सूखा अनाज खाकर मानसिक संतुलन खो बैठे भाजपा नेता

**जबलपुर, यशभारत। बरगी से कांग्रेस विधायक संजय यादव ने भाजपा पार्टी और नेताओं को अन्न उत्सव कार्यक्रम के बहाने आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि भाजपा के नेता सूखा अनाज खाकर अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। विधायक संजय यादव ने कहा कि ये बात अब पूरी तरह से साबित हो गई है कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता मानसिक रुप से दिवालिया हो गए हैं।**



एक तरफ जहां प्रदेश के अधिकतर इलाकों की जनता प्राकृतिक आपदाओं से भूखे मरने की नौबत तक पंहुच गई है तब उन्हें केवल गेंहू और चावल लेकर भारतीय जनता पार्टी की नकारा सरकार इसे अन्न उत्सव का नाम देकर पीड़ितों के साथ मजाक कर रही है। ,किसी भी आपदा को उत्सव और अभियान से जोड़ने में इस सरकार का कोई जवाब नहीं है । यह गेंहू और चावल सरकार की तरफ से मुफ्त दिया जाएगा क्या भारतीय जनता पार्टी के नेता सूखी रोटी और सूखा चावल खा सकते है यह सवाल उठाया जाना लाजमी है क्या रोटी या चावल के साथ दाल और सब्जी की जरूरत नहीं होती। लगता है भारतीय जनता पार्टी के नेता इसी तरह का सूखा अनाज खाकर अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं यह भी कहा जा रहा है कि पी?तों और जरूरतमंदों को थैली में राशन दिया जाएगा इस थैली की भी कीमत अच्छी खासी होगी इससे बेहतर तो यह होता की थैली की कीमत के बदले उन्हें दाल तेल चाय पत्ती जैसी आवश्यक चीजें मुहैया करवा दी जाती।

### संकट में देश तो ऐसे उत्सव मानने की जरूरत नहीं

कांग्रेस विधायक ने कहा कि जब देश में तमाम तरह के संकट हो उस दौरान उसे उत्सव और अभियान से जो?ना भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और उसकी निकम्मी सरकार को ही भला लगता होगा ,इनके दिमाग का स्तर कितना नीचे गिर गया है इसका अंदाजा आज ही भारतीय जनता पार्टी के नेता रामेश्वर शर्मा द्वारा दिए गए बयान से स्पष्ट होता है जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बाढ़ के लिए कांग्रेश जिम्मेदार है अपनी नाकामियों और निकम्मे पन को छुपाने के लिए हर बात में नेहरू और कांग्रेस को दोष देने वाली भारतीय जनता पार्टी की असलियत को अब आम जनता पहचान चुकी है मेरा उन तमाम पीड़ितों से आग्रह और अपील है कि जिन थैलों में उन्हें अनाज दिया जा रहा है वे थैले वे वापस कर उसकी कीमत का दाल तेल जैसी आवश्यक चीजें मांगे।

### आपदा में वाहवाही लूटने काम भाजपा का

कांग्रेस विधायक संजय यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की आदत बन गई है कि वह किसी भी आपदा को उत्सव के चश्मे से देखकर झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास करती है लेकिन वह शायद यह भूल चुकी है कि प्रजातंत्र में जनता ही सबकी मालिक होती है धोखाधड़ी खरीद-फरोख्त और नादिरशाही से भले ही आज वह अपनी सरकार चला ले लेकिन आगामी आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी की क्या हालत होगी यह आने वाला समय बता देगा।

---

# सहायक शिक्षक को कार चालक ने रौंदा

**जबलपुर। बीजाडांडी थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही के पास एक स्कूटी सवार सहायक शिक्षक को तेज रफ्तार कार चालक ने बीच राह रौंदकर, चलता बना। घटना उस वक्त की है जब मृतक बीजाडांडी से कुछ ही दूर धनवाही किसी काम से जा रहे थे।**

जैसे ही कार सवार ने स्कूटी को टक्कर मारी, मृतक कार के पहियों के बीच फंस गया और कुछ दूर घिसटने के बाद लहूलुहान हालत में बीच रोड पर ही पड़ा रहा ।जिसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे के दौरान मची चीख पुकार के बीच सहायक शिक्षक को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां आज उनकी इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गयी। घटना में मृतक के सिर में गंभीर चोट थी। तो वहीं, 55 वर्षिय अधेड़ की मौत की खबर जैसे ही परिजनों ने सुनी उनकी चीखें निकल गयी। वो बदहवास हो, पुलिस और प्रशासन को तो कभी किस्मत को कोस रहे थे। जिन्हें पुलिस और अन्य लोगों ने सम्हाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार वीरेन्द्र सिंह मरकाम उम्र 55 वर्ष बीजाडांडी थाना अंतर्गत के निवासी है और पेशे से ग्राम चौकी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। जो ग्राम धनवाही से बीजाडांडी आ रहे थे, तभी शाम को एक तेज रफ्तार कार चालक ने शिक्षक को टक्कर मारकर रौंद दिया। जिनकी घटनास्थल में ही हालत नाजुक हो चुकी थी। शिक्षक को प्राथमिक इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया, जहां से पीड़ित को मेडिकल रेफर कर दिया गया था। लेकिन इलाज के दौरान आज उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम है। सहायक शिक्षक अपने पीछे दो बच्चे और एक बच्ची व पत्नी और अन्य सदस्यों के सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर चला गया।

**पहियों के बीच फंसकर कुछ दूर घिसटा, बीच रास्ते खुल गया सिर, इलाज के दौरान मौत**

---

# हम्मालों ने चुराई थी खाद

जबलपुर। थाना पाटन में हुई डीएपी खाद की चोरी का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 5 हम्मालों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से 23 बोरी डीएपी खाद तथा चुराकर बेची हुई खाद से प्राप्त रूपयों में से नगद 1 लाख 42 हजार 600 रूपये जब्त कर, कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार थाना पाटन में राकेश पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी हिण्डोरिया दमोह ने लिखित शिकायत की कि वह मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के डबल लाक पाटन गुरूपिपरिया में गोदाम प्रभारी है। भण्डारण केन्द्र पाटन के उर्वरकों का भण्डारण एवं किसानों को वितरण किया जाता है। 30 जुलाई 2021 की शाम तक खाद का विक्रय किया गया तथा स्टाक मिलानकर गोदाम बंद किया गया था। 31 जुलाई 2021 को उर्वरकों का विक्रय नहीं किया गया केवल गोदाम में उर्वक की बोरियॉ रखी गयी तथा 300 बैग यूरिया आरछा समिति को प्रदाय किये गये इसके बाद गोदाम बंद कर दिया गया था। 2 अगस्त 21 को गोदाम से किसानों को 247 बोरी डीएपी एवं 940 बोरी यूरिया का विक्रय किया गया। शाम को गार्ड लालजी बर्मन द्वारा डीएपी की गिनती गयी तो जिसमें स्टाक में कमी पाई गयी। गार्ड लालजी बर्मन, अजय एवं कुमार तथा लेबर द्वारा स्टाक की गिनती करायी गयी जिन्होंने चैक किया एवं बताया कि स्टाक के नीच की ओर 2 बोरियॉ पडी थी। गोदाम की दीवार चैक करने पर दीवार के उपर लगी लोहे की चादर के पेंच खुले मिले, चादर लटकी हुई थी। पूरे स्टॉक का मिलान करने पर पाया गया कि 180 बोरी डीएपी खाद कीमती 2 लाख 16 हजार रूपये के गायब थे। जिसके बाद मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम गुरू पिपरिया निवासी राजेश बर्मन, तेजीलाल बर्मन, संदीप ठाकुर, लक्ष्मण उर्फ लच्छू लोधी, नन्हें भाई गौड जो कि हम्माल का काम करते हैं वेयर हाउस से खाद की बोरियॉ चुराकर बेच दिये हैं । जिनकी तलाश कर राजेश पिता लखन बर्मन उम्र 33 वर्ष. तेजीलाल पिता रज्जू बर्मन उम्र 25 वर्ष.संदीप पिता गणेश ठाकुर उम्र 28 वर्ष .लच्छू उर्फ लक्ष्मण पिता महेन्द्र सिंह लोधी उम्र 24 वर्ष.नन्हें भाई पिता सुखलाल गौड सभी निवासी गुरूपिपरिया पाटन को अभिरक्षा में लेते हुये सघन पूछताछ की गयी तो लगभग 1 माह से वेयर हाउस में खाद की बोरियॉ चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराई हुई खाद की बोरियों को बेचना बताया एवं कुछ बोरियॉ घरों मे छिपाकर।

**157 बोरी डीएपी खाद बेच चुके थे आरोपी, बरामद किए 1 लाख 42 हजार 600 रूपए**

---

# गोसलपुर में किसान की 80 बोरी उड़द चोरी

**जबलपुर।** कछपुरा स्थित एक दुकान में रखी किसान की 80 बोरी उड़द अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। गोसलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कछपुरा में हुई चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर एसडीओपी सोमवंशी एवं थाना प्रभारी संजय भलावी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करते हुए चोरों की पतासाजी के लिए कुछ संदेहियों से पूछताछ शुरू की है। पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

गोसलपुर पुलिस ने बताया कि कछपुरा ग्राम पंचायत के सामने बनी दुकानों में एक दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा हुआ 80 बोरी उड़द चोरी होने की सूचना मिली है। पीड़ित किसान चंद्रभान पटैल ने पुलिस को बताया कि दुकान में 92 कट्टी उड़द बेचने के लिए रखे हुए थे, जिसमें से 70 बोरी उड़द चोरी हो गया है। इसी तरह किसान मदन कुमार पटैल 14 कट्टी के लगभग उड़द रखा हुआ था, जिसमें से 10 कट्टी उड़द चोरी हो गया शेष 4 कट्टी ही दुकान में रह गई हैं। चोरों द्वारा 80 कट्टी उड़द को चुराने के लिए बड़ी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया है, मौके पर वाहन के टायर के निशान मिले हैं।

**संदेहियों से पूछताछ शुरू**

---

नाले के किनारे पॉलीथिन में मिला 7 माह का भ्रूण

# कोख हुई कलंकित



**जबलपुर, यशभारत।** जिंदगी देने वाली किसी बे-रहम मां ने ही अपनी कोख को कलंकित करते हुए नन्ही कली को खिलने से पहले ही बेदर्द मौत दे दी। हनुमानताल के कुम्हार मोहल्ला स्थित एक नाले के पास पुलिस को एक 7 माह का भ्रूण मिला है। गुरुवार की दरमियानी रात नाले के पास पॉलीथिन में भ्रूण को रखकर कोई अज्ञात फेंक गया। पुलिस ने मामला कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पाया है कि किसी महिला ने या फिर लड़की ने डिलेवरी के पहले ही कोख से गिरा दिया है। हनुमानताल पुलिस को कुम्हार मोहल्ला के लोगों ने सूचना दी कि पॉलीथिन में रखा हुआ एक भ्रूण पाया गया है। जिसकी पॉलिथीन के पास कुत्तों का झुंड लगा है। पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर भ्रूण को अपने कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेजते हुए, जांच शुरु कर दी है।

क्षेत्रीय लोगों ने जैसे ही नाले के पास बच्चे को पॉलीथिन में रखा हुआ देखा तो आवक रह गए। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।भ्रूण मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते लोगों का हुजूम लग गया। जिसे पुलिस ने हटाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। तो वहीं कलियुगी मां ने अनचाहे गर्भ को फेंककर, पूरी मानवता को शर्मशार कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं है।

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )